राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, हाथरस, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक    हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267    आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ▶ आयुष्मान खुराना के साथ मुपापा...



अरविंद केजरीवाल का दावा, बीजेपी... ◀ 10

गाजियाबाद, शनिवार 10 अक्टूबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 215, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## स्वस्थ प्रदेश-सक्षम प्रदेश बना यूपी : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वस्थ-सक्षम उत्तर प्रदेश की कहानी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए शुक्रवार को प्रदेशवासियों से साझा की। सीएम योगी ने उपचार की विवशता से स्वास्थ्य सुरक्षा के विश्वास को स्वस्थ उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और अंत्योदय के संकल्प के साथ प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार ने वर्ष 2017 से पहले की स्वास्थ्य क्षेत्र की लचर व्यवस्था को पीछे



छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश को स्वस्थ, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक गति से कार्य किया है। इस परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रमाण है कि जिस उत्तर प्रदेश की पहचान कभी वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया से होती थी, वही उत्तर प्रदेश आज वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज के संकल्प के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जहां प्रदेश में वर्ष 2017 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या मात्र 36 थी, वहीं आज यह बढ़कर 85 हो गई है। साथ ही, एमबीबीएस की सीटें 4,690 से बढ़कर 13,600 से अधिक हो चुकी हैं। इससे एक ओर युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के अवसर बढ़े हैं, वहीं दूसरी ओर आमजन के लिए घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधा का विस्तार हुआ है।

उन्होंने लिखा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित 10 करोड़ से अधिक प्रदेशवासी आज गंभीर बीमारी के उपचार के भारी खर्च की चिंता से मुक्त होकर बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और गरिमा के साथ जीवन यापन कर रहे हैं।

# मिसाइल हों, लेकिन मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी है: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जब हम पितृपक्ष में तर्पण करते हैं, तो हमें केवल अपने पूर्वजों का ही स्मरण

> ● **हमारे पास एआई हो लेकिन राष्ट्रीय चेतना न हो, तो विकास अधूरा है**

नहीं करना चाहिए। हमें उन बलिदानियों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी नहीं गिरता। जो राष्ट्र अपने बलिदानियों को स्मरण करता है, वह सदैव आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा, हमारे पास मिसाइल हों, लेकिन मन में मयार्दा न हो, तो शक्ति अधूरी



है। हमारे पास एआई हो लेकिन राष्ट्रीय चेतना न हो, तो विकास अधूरा है। यही हमारी विशेषता है। यही भारत की शक्ति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को दिल्ली में स्थित राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने लोगों संवाद करते हुए अध्यात्म पर अपने विचार रखे। उन्होंने राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधन भी दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि बड़ा मनुष्य कभी केवल अपने लिए नहीं जीता। वह अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित करता है, दूसरों के सुख-दुख को अपना मानता है और सबके लिए जीता है। हमारे धर्मशास्त्रों, पुराणों से लेकर आज तक, हमारे संविधान, हमारी भारतीय न्याय संहिता, ये सब हमारे समाज के मानस की शुद्धि का कार्य करते हैं।

ये हमें बताते हैं कि क्या उचित है, क्या अनुचित है। ये हमें दिशा देते हैं। ये हमें सभ्य बनाए रखते हैं। रक्षा मंत्री का कहना था कि यह मन का कलुष ही होता है, जो आए दिन राष्ट्र-विरोधी नारे लगाता है, और यह मानस की शुद्धि ही होती है जो राष्ट्र को अपना सर्वस्व मान बैठता है।

# भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को सर्वोच्च वीरता अवॉर्ड से नवाजेगा इजरायल, अमेरिका में भी मिलेगा सम्मान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फ्लाईदुबई की फ्लाइट से जुड़ी घटना में 170 से ज्यादा लोगों की जान बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को उनकी बहादुरी के लिए इजरायल ने सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड फॉर सिविलियन हीरोइज्म से सम्मानित करने की घोषणा की है। वहीं, अमेरिका भी कैप्टन स्मित को प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के कांग्रेसनल रिकॉर्ड में सम्मानित करेगा। भारत में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग की घोषणा की जानकारी साझा की। पोस्ट में लिखा गया, कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी और साहस ने एक बड़ी त्रासदी को टालने में मदद की। स्वस्थ होने के बाद राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग



उन्हें इजरायल का राष्ट्रपति नागरिक वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे। हम उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करते हैं। धन्यवाद, कैप्टन। इजरायल आपकी बहादुरी को सलाम करता है। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी कांग्रेस के आधिकारिक रिकॉर्ड (कांग्रेसनल रिकॉर्ड) में कैप्टन मच्छार के साहस और बहादुरी की सराहना करते हुए एक बयान दर्ज कराएंगे। कृष्णमूर्ति ने अपने साथी सांसदों से भी कैप्टन मच्छार के साहस को सम्मानित करने की अपील की।

यह सम्मान 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई फ्लाइट एफजेड 1073 में हुई घटना के बाद दिया जा रहा है। आरोप है कि उड़ान के दौरान सह-पायलट ने कैप्टन मच्छार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की कोशिश की।

राजा कृष्णमूर्ति के बयान के अनुसार, घटना के दौरान विमान केवल 30 सेकंड में करीब 16,000 फीट नीचे आ गया था।

# दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन से पहले नोएडा में सुरक्षा सख्त, चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस-बीएसएफ तैनात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

> ● बैरिकेडिंग कर सीमित किया रास्ता, संदिग्ध वाहनों की सघन जांच
> ● 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर पुलिस अलर्ट

**नोएडा।** दिल्ली में 10 अक्टूबर को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन और मार्च को देखते हुए नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली-नोएडा





सीमा के चिल्ला बॉर्डर पर नोएडा पुलिस और दिल्ली पुलिस के साथ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान तैनात किए गए हैं। बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध वाहनों की सघन जांच के साथ संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस ने दिल्ली से जुड़ने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ा दी है। चिल्ला बॉर्डर पर सुरक्षा मजबूत करने के लिए आरसीसी बैरियर लगाए गए हैं। रास्ते को सीमित कर जांच की जा रही है। शुक्रवार को बॉर्डर पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहे। रात नौ बजे से निगरानी और सख्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

सीजेपी के प्रदर्शन को देखते हुए नोएडा पुलिस सतर्कता बरत रही है, ताकि सीमा पर कानून-व्यवस्था बनी रहे। बॉर्डर से गुजरने वाले वाहनों की जांच के दौरान सुरक्षा बल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

## किसान नेताओं के घरों पर पुलिस तैनात, हाईकोर्ट जाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में किसान नेताओं के घरों पर पुलिस तैनात किए जाने पर किसान संघर्ष मोर्चा ने नाराजगी जताई है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि उनके अलावा सोरन प्रधान, सुखबीर खलीफा और अन्य किसान नेताओं के घरों पर शुक्रवार सुबह से पुलिस तैनात है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जंतर-मंतर या जिले में किसी आंदोलन का ऐलान नहीं किया था। इसके बावजूद पुलिस तैनाती का कारण स्पष्ट नहीं किया गया।

किसान एकता संघ के अध्यक्ष सोरन प्रधान और किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कार्रवाई की निंदा की। किसान परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सचिन एडवोकेट ने कहा कि कथित मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामले में उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की जाएगी।

**वार्ता** मुख्यमंत्री योगी ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों और राजग सहयोगियों के साथ की पत्रकार वार्ता

# जेवर एयरपोर्ट को मिलेगी नरेंद्र मोदी के नाम से नई पहचान, योगी कैबिनेट ने लगाई मुहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

> ● प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल पर मंत्रिपरिषद ने पारित किया अभिनंदन प्रस्ताव
> ● 2017 से पहले असुरक्षा और बदहाली, अब सुशासन और निवेश की पहचान: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से नई पहचान मिलेगी। योगी कैबिनेट ने शुक्रवार को एयरपोर्ट का नाम 'नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा जेवर' रखने का प्रस्ताव पारित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन के मीडिया सेंटर में दोनों उपमुख्यमंत्रियों



और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के साथ पत्रकार वार्ता में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े विमानन केंद्र के रूप में विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्ष की अविराम सेवा यात्रा के अभिनंदन में मंत्रिपरिषद ने विशेष प्रस्ताव पारित किया है। सात अक्टूबर को इस यात्रा के 25 वर्ष पूरे हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वर्ष 2014 में काशी आने पर उन्होंने कहा था कि उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। काशी से शुरू हुआ यह आत्मीय संबंध प्रदेश के विकास का आधार बना है।

### पहले असुरक्षा, अब निवेश की पहचान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश प्रशासनिक शिथिलता, असुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा था। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शी और तकनीक आधारित शासन व्यवस्था अपनाई गई। कानून व्यवस्था मजबूत हुई और निवेश का वातावरण बना। डबल इंजन सरकार के समन्वय से प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### 60 हजार करोड़ से बने 42 राष्ट्रीय राजमार्ग

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 60 हजार करोड़ रुपये से 2,483 किलोमीटर लंबे 42 राष्ट्रीय राजमार्ग बने। दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून, दिल्ली-मेरठ और कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पूरे हुए। 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद और नोएडा-ग्रेटर नोएडा में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार हुआ।

### ब्रह्मोस यूनिट और पीएम मित्रा पार्क से औद्योगिक विस्तार

मुख्यमंत्री ने बताया कि दादरी में पूर्वी और पश्चिमी मालवाहक रेल गलियारों का जंक्शन बना है। इनका 1,050 किलोमीटर से अधिक हिस्सा यूपी से गुजरता है। वाराणसी में देश का पहला मल्टीमॉडल इनलैंड पोर्ट टर्मिनल और 100 एकड़ का फ्रेट विलेज विकसित हुआ। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल असेंबली यूनिट, रक्षा औद्योगिक गलियारा और एक हजार एकड़ में पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क औद्योगिक विकास को गति दे रहे हैं।

### तीन करोड़ किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि से तीन करोड़ से अधिक किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए। 86 लाख लघु एवं सीमांत किसानों का कर्ज माफ हुआ। 5.50 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड से 13.42 लाख करोड़ रुपये से अधिक फसली ऋण वितरित हुआ। 79.51 लाख किसानों को फसल क्षतिपूर्ति और गन्ना किसानों को 3.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक भुगतान किया गया।

### 65 लाख परिवारों को आवास, 15 करोड़ को राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि 65 लाख से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मिले। 3.67 करोड़ राशन कार्डधारक परिवारों के करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन से 2.46 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिले। 3.37 करोड़ शौचालय और 59,183 सामुदायिक शौचालय बने। उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। होली और दीपावली पर राज्य सरकार मुफ्त सिलेंडर दे रही है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# संविधान में नागरिकों को मिले स्वतंत्रता के अधिकार को समाप्त किया जा रहा है: सलीम अहमद सैफी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष सलीम अहमद सैफी ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें लगातार हाउस अरेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक बार फिर पुलिस उनके आवास पर पहुंची और उन्हें घर से बाहर जाने से रोक दिया गया।

**लगातार हाउस अरेस्ट किए जाने पर जताई नाराजगी, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से हस्तक्षेप की मांग**

सलीम अहमद सैफी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने, शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने तथा अपने विचार व्यक्त करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। इसके बावजूद लगातार हाउस अरेस्ट किए जाने की कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि नागरिकों के स्वतंत्रता संबंधी अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में





असहमति की आवाज को दबाने के बजाय उसे सुना जाना चाहिए। शांतिपूर्ण विरोध और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सलीम अहमद सैफी ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष से मामले को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता लखनऊ में पुलिस के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर मामले में हस्तक्षेप करें और लगातार की जा रही हाउस अरेस्ट की कार्रवाई के संबंध में उचित कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सरकार और प्रशासन को शांतिपूर्ण विरोध तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए।

# प्रदर्शन के बाद शाहदरा मंगल बाजार लगाने की मिली अनुमति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-142 थाना पुलिस से वार्ता के बाद शाहदरा का साप्ताहिक मंगल बाजार फिर पुराने स्थान पर लगाने पर सहमति बन गई है। पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों वेंडर्स ने शुक्रवार को थाने पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के अनुसार, श्मशान घाट चौराहे पर 20-22 साल से लग रहे बाजार में 400 से अधिक दुकानदार रोजगार करते हैं। 16 सितंबर से बाजार बंद होने के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट था। पुलिस से वार्ता में दुकानों को कतार में लगाने और यातायात बाधित न करने समेत कई शर्तों पर सहमति बनी।




इसके बाद बाजार पुराने स्थान पर लगाने की सशर्त अनुमति दी गई। सहमति बनने पर 12 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

# जीएनआईओटी में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सीखे नवाचार के गुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी में 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय विचार-सृजन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**तीन दिवसीय कार्यशाला में नए विचारों और समाधान विकसित करने का मिला मौका**

यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग और नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की ओर से आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को नए विचार विकसित करने और वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने की जानकारी दी गई।



कार्यशाला में यांत्रिक, सिविल और विद्युत अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न गतिविधियों के जरिए उन्हें रचनात्मक सोच, टीम में काम करने और व्यावहारिक समाधान तैयार करने के तरीके सिखाए गए। संस्थान के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता और निदेशक प्रो. डॉ. धीरज गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित हुई। इसका संयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बीएन अग्रवाल ने किया।

# ईग्नाइट-2026 में 35 स्कूलों के 700 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ईशान एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की ओर से आयोजित अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता ईग्नाइट-2026 में गौतमबुद्ध नगर के 35 से अधिक स्कूलों के करीब 700 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नए विचारों का प्रदर्शन किया।

**जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट स्कूल को मिली सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की ट्रॉफी**



कार्यक्रम में क्विज, विज्ञापन प्रस्तुति, तकनीकी नवाचार, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, बिजनेस प्लान और पीपीटी सहित सात प्रतियोगिताएं हुईं। सभी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट स्कूल, ग्रेटर नोएडा को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की ट्रॉफी दी गई। क्विज व न्यूरो हैक में जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट स्कूल, विज्ञापन प्रतियोगिता में कौशल्या वर्ल्ड स्कूल, वाद-विवाद में सैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल, पोस्टर मेकिंग में संस्कार पब्लिक स्कूल, बिजनेस प्लान में रामईस इंटरनेशनल स्कूल और पीपीटी प्रतियोगिता में जीआर ग्लोबल एकेडमी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. डीके गर्ग, सीईओ डॉ. तुषार आर्य और डॉ. अमन आर्य ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और नए विचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सोसायटी की 12वीं मंजिल से गिरकर टेक कर्मी की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र की ऐस डिविनो सोसायटी में शुक्रवार तड़के 12वीं मंजिल से गिरकर 36 वर्षीय टेक कर्मी अनिल

**तीन दिन पहले फूफा के घर रहने आए थे अनिल कुमार**

कुमार की मौत हो गई। वह मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर गांव के निवासी थे और टेक जोन स्थित एक कंपनी में काम करते थे। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे डायल 112 पर



घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार अनिल मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। इसी वजह से उनके फूफा ने उन्हें तीन दिन पहले अपने घर बुलाया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# एनआईईटी को मिली डायमंड रेटिंग, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ा संस्थान का गौरव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी) को क्यूएस आई-गेज इंडियन कॉलेज रेटिंग्स में प्रतिष्ठित डायमंड रेटिंग मिली है।

**क्यूएस आई-गेज के मूल्यांकन में 1073 अंक हासिल किए, शिक्षण और शोध में बेहतर प्रदर्शन**

संस्थान ने समग्र मूल्यांकन में 1073 अंक हासिल किए। यह उपलब्धि शिक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व, प्रशासन और शैक्षणिक विकास जैसे क्षेत्रों में




संस्थान के प्रदर्शन के आधार पर मिली है।

संस्थान के निदेशक डॉ. विनोद एम. कापसे ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसका श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, कर्मचारियों के सहयोग और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार करना है।

एनआईईटी को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 3.23 अंकों के साथ ए ग्रेड मिला है। संस्थान के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 3100 से अधिक प्लेसमेंट ऑफर मिले और सबसे अधिक सालाना पैकेज 44 लाख रुपये रहा।

# डॉ.खुशबू सिंह ने भारतीय व्यापार संघ के उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** डॉ. खुशबू सिंह ने भारतीय व्यापार संघ (आईबीए) के उपाध्यक्ष और संस्थापक सदस्य पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब वह महिला सशक्तीकरण, कौशल विकास और छोटे कारोबारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर काम करेंगी।

डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि पिछले करीब दो वर्षों में संस्था के साथ उनका अनुभव यादगार रहा है। उनका लक्ष्य महिला उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को सरकारी



योजनाओं, प्राधिकरणों और विभागों की सुविधाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिलाना है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी राष्ट्रहित, कारोबारियों के हित और विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करती रहेंगी।

# जीआईपीएस में रक्तदान शिविर, 200 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (जीआईपीएस), ग्रेटर नोएडा में रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के

**स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति विद्यार्थियों और कर्मचारियों को किया जागरूक**

सेमिनार हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उनमें




सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।

शिविर में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 200 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या डॉ. सविता मोहन, रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, डीन, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा संकाय सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। रक्तदाताओं को उनके योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र, निःशुल्क नेकबैंड, पौष्टिक जलपान तथा डोनर कार्ड प्रदान किए गए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। जीआईपीएस और रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ की इस संयुक्त पहल ने शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजकों, स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संस्थान की ओर से कहा गया कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ विद्यार्थियों में सहानुभूति, करुणा, नागरिक जागरूकता और समाज सेवा जैसे मूल्यों का विकास करना भी संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# घायल छात्र की मौत, दोस्तों पर हत्या का शक,अस्पताल के बाहर धरना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के बिरौंडा गांव निवासी घायल छात्र की इलाज के दौरान कैलाश अस्पताल में मौत हो गई। स्वजन ने उसके दोस्तों पर हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर सड़क पर धरना शुरू कर दिया।



स्वजन सुधीर भाटी के अनुसार रात करीब 12 बजे बंटी उर्फ रॉकी उर्फ गोलू अपने दो साथियों के साथ छात्र को 5 प्रतिशत के खाली प्लॉट की छत से बुलाकर पाली ख-504 ले गया था। स्वजन का आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही और उन्हें एक कोतवाली से दूसरी कोतवाली भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यमुना क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत, डीसीपी से मिले ग्रामीण

**बिना नंबर प्लेट के डंपर दौड़ने और रास्ते टूटने का आरोप, जांच का आश्वासन**

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** रामपुर खादर में यमुना नदी क्षेत्र में कथित अवैध मिट्टी खनन की शिकायत लेकर मकनपुर बांगर और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने डीसीपी ग्रेटर नोएडा से मुलाकात की। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत देकर जांच व कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि खनन में जेसीबी और डंपरों के इस्तेमाल से गांव के रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।



भारी वाहनों की आवाजाही से बिजली का खंभा भी टूट गया था, जिससे करीब दो दिन तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने बिना नंबर प्लेट के डंपर दौड़ने और संबंधित पुलिस चौकी के कर्मचारियों की कथित मिलीभगत की भी जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने खनन की वैधता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। डीसीपी ने खनन विभाग को शामिल करते हुए मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**सम्मान** | **उद्योगोन्मुख नवाचार और तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को मिली राष्ट्रीय पहचान**

# अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में निटरा को सीआईआई उत्कृष्टता पुरस्कार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (निटरा), गाजियाबाद को अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 7 अक्टूबर 2026 को बेंगलुरु में आयोजित सीआईआई ग्लोबल समिट ऑन इंडस्ट्रियल कॉम्पिटिटिवनेस में निटरा को आरएंडडी कोलैबोरेशन-मटेरियल, केमिकल्स एंड टेक्सटाइल्स (लार्ज एंटरप्राइज) श्रेणी में यह सम्मान प्रदान किया गया।

निटरा के महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार ने संस्थान की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान न केवल गाजियाबाद, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। सीआईआई द्वारा दिया गया यह पुरस्कार निटरा के अनुसंधान, नवाचार तथा उद्योगों के साथ प्रभावी सहयोग की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों और उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान है।

यह पुरस्कार विशेष रूप से उद्योगोन्मुख अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में निटरा के योगदान को मान्यता देता है। संस्थान ने उन्नत सामग्री, तकनीकी वस्त्र, टिकाऊ प्रौद्योगिकी, सुरक्षात्मक वस्त्र तथा विशेष परीक्षण तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण कार्य किया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान निटरा ने अनेक नवीन उत्पादों, प्रक्रियाओं और तकनीकों का विकास किया है।




निटरा की प्रमुख अनुसंधान एवं विकास उपलब्धियों में मिल्कवीड फाइबर प्रौद्योगिकी, विशेष अग्निशमन सूट, टिकाऊ कृषि-तकनीकी वस्त्र, उन्नत तापीय परीक्षण उपकरण तथा जूट आधारित तकनीकी वस्त्र शामिल हैं। इन तकनीकों के माध्यम से प्राकृतिक एवं टिकाऊ सामग्री, सुरक्षा, संसाधन दक्षता और तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में नए समाधान विकसित करने का प्रयास किया गया है।

निटरा ने अपने अनुसंधान एवं विकास कार्यों के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को व्यावहारिक और उद्योगों के लिए उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया है। संस्थान का उद्योगों के साथ सहयोग अनुसंधान के परिणामों को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

निटरा के अधिकारियों के अनुसार, यह सीआईआई उत्कृष्टता पुरस्कार संस्थान के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, प्रतिबद्धता एवं समर्पण की पहचान है। साथ ही, यह उद्योग भागीदारों के साथ निटरा के मजबूत सहयोग और प्रभावी अनुसंधान एवं विकास कार्यों को भी रेखांकित करता है। यह सम्मान भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास सहयोगी के रूप में निटरा की भूमिका को और मजबूत करता है। साथ ही, उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए संस्थान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। सीआईआई उत्कृष्टता पुरस्कार निटरा की अनुसंधान, नवाचार और उद्योग सहयोग की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है तथा भारतीय वस्त्र उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने की उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

# 12 अक्टूबर से पुलिस लाइन में शुरू होंगे चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद/ रामपुर।** पिछले दिनों शासन की ओर से होमगार्ड की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया था। अब उसके बाद शासन ने भर्ती को आगे बढ़ाते

**पुलिस लाइन में तेजी के साथ चल रही तैयारियां,कुछ दिन पहले आया था लिखित परीक्षा का रिजल्ट**

हुए 12 अक्टूबर से पुलिस लाइन में चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल और चरित्र सत्यापन प्रक्रिया चालू हो जाएगी।जिसको लेकर पुलिस लाइन में तैयारियां चल रही है।वहीं अभ्यर्थी भी तैयारी कर रहे हैं।जबकि मुरादाबाद में 462 अभ्यर्थी का मेडकिल होगा।

कई सालों से होमगार्ड में भर्ती नहीं हुई थी।जिस कारण से सभी जिलों में विभाग होमगार्ड की कमी से जूझ रहा था। कुछ माह पहले शासन की ओर से कई हजार भर्ती निकाली गई थी।जिसमें युवक और युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था।अप्रैल माह में चार दिनों तक लिखित परीक्षा चल रही थी। उसके बाद लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया था।लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी।अब शासन की ओर से चयनित हुए अभ्यर्थियों के मेडिकल और चरित्र सत्यापन प्रक्रिया चालू होने की तिथि 12 अक्टूबर घोषित कर दी थी। जिसमें पुलिस लाइन में मेडिकल कराने के निर्देश दिए गए है। जिसको देखते हुए पुलिस लाइन में तैयारियां चल रही है। वहीं पास हुए अभ्यर्थियों ने अपने कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है। ताकि 12 अक्टूबर को सारे कागजात के साथ पुलिस लाइन में उपस्थित हो सके।



मुरादाबाद पुलिस लाइन

**20 प्रतिशत महिलाएं भी होगी शामिल**

होमगार्ड भर्ती में महिलाओं और युवतियों ने भी फार्म भरा था। उसके बाद चार दिन तक चली परीक्षा में महिलाएं भी शामिल हुई थी। बताया जा रहा है कि 20 प्रतिशत महिलाएं भी मेडिकल में शामिल होगी। लिखित परीक्षा में उतने ही अभ्यर्थी को पास किया गया है। जिस जिले में जितने गार्ड की कमी चल रही है। हर जिले के जिला कमांडेंट को नोडल बनाया गया है। मेडिकल के दौरान एक महिला डॉक्टर भी रहेगी।

**मंडल में कुल कितने अभ्यर्थी होंगे शामिल**

मुरादाबाद- 462
संभल-----560
अमरोहा----354
बिजनौर ----573
रामपुर------382

**वर्जन**

12 अक्टूबर से होमगार्ड की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल और चरित्र सत्यापन प्रक्रिया चालू हो रही है। जिसको लेकर सभी दिशा निर्देश जारी किए गए है। नोडल अधिकारी प्रत्येक जिले के जिला कमांडेंट को बनाया गया है।

**सुधाकराचार्य पाण्डेय,डिवीजनल कमांडेंट मुरादाबाद**




# जनप्रतिनिधि के घर प्रताड़ित युवक की हालत गंभीर,दिल्ली रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि के घर चोरी के आरोप में युवक को ले जाकर कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने का मामला अब और गंभीर होता दिखाई दे रहा है। रामू कश्यप की हालत बिगड़ने पर उसे काशीपुर से दिल्ली रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं, इसी मामले में प्रताड़ना के शिकार बताए जा रहे दो अन्य युवक लवी और अतुल रतूपुरा स्थित अस्पताल में भर्ती बताए जा रहे हैं। घटना को लेकर परिजनों और समाज के लोगों में नाराजगी है।

**दो अन्य युवक भी अस्पताल में भर्ती, ठाकुरद्वारा सीओ ऑफिस में इंस्पेक्टर ने ली तहरीर**

इससे पहले रामू की मां की ओर से एक हस्तलिखित पत्र सामने आया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 7 अक्टूबर 2026 को पुलिस रामू को घर से उठाकर रतूपुरा ले गई थी। महिला का दावा था कि वहां चोरी का आरोप लगाकर उसके बेटे के साथ मारपीट की गई।

पत्र में लोहे की रॉड और डंडों से पीटने तथा करंट लगाने के आरोप भी लगाए गए थे। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रामू कश्यप की हालत गंभीर होने के बाद उसे पहले काशीपुर ले जाया गया और अब दिल्ली रेफर किए जाने की खबर है। परिवार का कहना है कि युवक की हालत को लेकर वे लगातार चिंतित हैं और उसे बेहतर उपचार दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।इसी प्रकरण में लवी और अतुल नाम के दो अन्य युवकों के भी प्रताड़ना का शिकार होने का आरोप लगाया जा रहा है। दोनों के रतूपुरा स्थित एक अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी गई है। हालांकि, तीनों युवकों की मेडिकल रिपोर्ट, चोटों की प्रकृति और उपचार की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।मामले को लेकर परिजन और समाज के लोग डिलारी थाने पहुंचे। उनकी मांग थी कि युवकों के साथ कथित मारपीट के मामले में कार्रवाई की जाए और परिवारों को अपने बच्चों से मिलने दिया जाए।परिजनों का आरोप है कि थाना पुलिस ने घटनास्थल ठाकुरद्वारा क्षेत्र का बताते हुए उन्हें वहां जाने के लिए कहा। इसके बाद परिवार के लोग और समाज के प्रतिनिधि ठाकुरद्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां वे कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे।परिवारों का यह भी आरोप है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती युवकों के पास जाने या उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। यदि परिवारों को वास्तव में घायलों से मिलने में बाधा आ रही है, तो प्रशासन को इसकी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।परिजनों और समाज के लोगों का कहना है कि वे मामले में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर समाधान चाहते हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई अधिकारी स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं है। परिवारों की प्रमुख मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, उन्हें परिवार से मिलने दिया जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।मामले में अब कई सवालों के जवाब जरूरी हैं। रामू और अन्य युवकों को किस परिस्थिति में ले जाया गया? उन्हें चोटें कैसे आईं? परिवारों की शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई? घायलों का उपचार कहां और किस स्थिति में चल रहा है।


पुलिस अधिकारी को शिकायती पत्र देती महिला

# डॉक्टर राकेश रफीक के सामाजिक कार्यों की सराहना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** राष्ट्रवाद के प्रखर विचारक, शिक्षाविद, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर राकेश रफीक की श्रद्धांजलि सभा में देश भर से आए समाजसेवी और राजनैतिक दिग्गज और शोकाकुल परिवार सहित सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में सभी वक्ताओं ने डॉक्टर राकेश रफीक के सामाजिक कार्यों की सराहना की और संकल्प लिया कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे और उनके बताएं मार्ग पर चलने का सभी से आह्वान किया।

इस मौके पर डॉक्टर राकेश रफीक की पुत्री डॉक्टर झरना रफीक और कैप्टन तराना के द्वारा कार्यक्रम का संचालन के दौरान डॉ राकेश रफीक के जीवन के बारे में बताया।भाकियू संस्थापक किसान यूनियन के डॉक्टर सत्येंद्र गाजियाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू चडूनी कुरुक्षेत्र हरियाणा, पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह, अक्षय उड़ीसा किसान नेता, चौधरी हरपाल सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू असली, चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी पूर्व एमएलसी, दीपक सक्सेना मुरादाबाद, नागरिक परिषद बिलारी के राकेश जैन, शकील साबरी, राकेश यादव सभासद, प्रधान माजिद हुसैन, डॉ नफीस, अभिनव सिंह कमिश्नरी ऑफिस मुरादाबाद, सोनम चौधरी, निधे सिंह अमरोहा, महावीर सिंह जीनाला, मल्लिका हलदार कोलकाता, नीरजा सक्सेना मुंबई आदि के अलावा जनपद मुरादाबाद संभल आदि आसपास के क्षेत्र के सैकड़ो समाजसेवी, चिकित्सक, व्यापारी, रिश्तेदार और किसान कार्यकताओं ने डॉ राकेश रफीक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।


श्रद्धांजलि के दौरान मौजूद लोग

# गंगा एक्सप्रेस वे पर छुट्टा पशुओं को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रक चालक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेस वे पर सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव के सामने गंगा एक्सप्रेस वे पर छुट्टा पशुओं को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रक एक्सप्रेस वे से नीचे पलट गया,चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर मौके पर पहुंची गंगा एक्सप्रेस वे की यूपीडा एंबुलेंस के द्वारा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर किया। जनपद हरियाणा के पानीपत निवासी ट्रक चालक सोन वीर पुत्र प्रकाश चंद पानीपत से ट्रक में चारा मशीन भरकर संभल जा रहा था।शुक्रवार की सुबह जैसे ही उसका ट्रक सैदनगली थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे के पॉइंट नंबर 83 सापा गांव के सामने पहुंचा तो अचानक गंगा एक्सप्रेस वे पर छुट्टा पशुओं का एक झुंड सामने आ गया।छुट्टा पशुओं को बचाने के चक्कर में ट्रक चालक सोन वीर ट्रक से संतुलन खो बैठा और ट्रक गंगा एक्सप्रेसवे से नीचे जाकर पलट गया। ट्रक पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर गंगा एक्सप्रेस वे की यूपीडा एंबुलेंस घायल को लेकर नगर के सीएचसी पहुंची जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों के द्वारा घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### माचिस को लेकर हुए विवाद में मारपीट एक घायल, दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकानदार एवं ग्राहक में माचिस को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में मारपीट हो गई।मारपीट के दौरान दुकानदार घायल हो गया,घायल दुकानदार परिजनों के साथ थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की,पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव जीहल निवासी तरुण पुत्र रमेश सैनी गांव में ही परचूनी की दुकान करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है।प्रतिदिन की भांति वह गुरुवार की देर शाम वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी गांव निवासी एक युवक उसकी दुकान पर आया और बीड़ी का मडल खरीद लिया, इसी दौरान युवक के द्वारा उससे माचिस मांगी गई तो तरुण के द्वारा माचिस के पैसे मांगे गए इस बात को लेकर युवक गाली गलौज करने लगा जिसका तरुण के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी ने तरुण के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।घायल तरुण परिजनों के साथ थाने पहुंचा और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की पुलिस ने तहरीर लेकर तरुण को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां उसका उपचार किया गया।

### लाइनमैन को सांप ने डंसा,हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** विद्युत लाइनमैन को घर के बाहर ही सांप ने डस लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन पीड़ित को लेकर सीएचसी पहुंचे,जहां उपचार के दौरान उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा स्नेक एंटी वेनम देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बनाफल की मडिया निवासी दिनेश पुत्र हरि सिंह नगर के बिजली घर में लाइनमैन के पद पर तैनात है। प्रतिदिन की भांति दिनेश गुरुवार को काम निपटा कर अपने घर को जा रहा था। जैसे ही वह घर के दरवाजे पर पहुंचा तो अचानक उसे सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों के द्वारा तुरंत दिनेश को नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा स्नेक एंटी वेनम देने के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि सांप के काटने से एक युवक घायल हो गया था, उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने कांशीराम को श्रद्धांजलि दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** नगर के एक बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार दोपहर समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कांशीराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राहुल भारती ने केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल नाम बदलने और पैसा बनाने की राजनीति करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर चंदा चोरी करने वालों का साथ दे रही है और उन्हें भगवान राम के नाम पर राजनीति करने का कोई हक नहीं है।पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांठ विधायक कमाल अख्तर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम ने शोषितों, पीड़ितों और दलितों को जगाने और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का काम किया। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर आगामी 2027 के चुनाव में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जेवर एयरपोर्ट का नाम बदलने के फैसले पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रधानमंत्री के जीवित रहते हुए किसी के नाम पर ऐसा करना परंपरा के खिलाफ है। गोष्ठी की अध्यक्षता वीरपाल जाटव ने की तथा संचालन नवल किशोर जाटव के द्वारा किया गया। इस मौके पर गोष्ठी में मौजूद आरिफ अख्तर,बदर कुरैशी,प्रीतम सिंह,अखिलेश जाटव,शाहनवाज अंसारी,विजय गौतम,युसूफ कुरैशी, मिंटू जाटव,जावेद सरताज, चौधरी सलीमुद्दीन,फैसल अल्वी, यतेंद्र शंकर गॉड,रवि शंकर शर्मा, वसीम मलिक,यशवीर नागर, दीपक,अखिल, नवल कुमार, विक्रम खड़गवंशी,असलम सैफी, शराफत मलिक,जुनैद खान,ऋषि पाल,चंद्रपाल कसाना,जय सिंह खड़गवंशी,फहीम कुरैशी,नदीम चौधरी,खिलेनदर गुर्जर,गोलू त्यागी, अंशु त्यागी,चौधरी ईकराम,नादिर खान, संजीव त्यागी, रिंकू शर्मा, खान चंद खड़गवंशी,सतीश खड्गवंशी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते कमाल अख्तर

# गणेश पूजन और वाल्मीकि पूजन कर हुआ लाजपत नगर रामलीला का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** श्रीराम कथा मंचन समिति लाजपत नगर मुरादाबाद के तत्वावधान मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अनुकरणीय एवं आदर्श लीलाओं की प्रस्तुति ब्रज धाम रामकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों द्वारा स्वामी नंदकिशोर शर्मा के कुशल निर्देशन में लाजपत नगर रामलीला मैदान के भव्य रंग मंच पर कला योग द्वारा नवीन प्रसंग एवं आकर्षक दृश्य द्वारा मंच पर प्रदर्शन। इससे पूर्व मंडलायुक्त श्रीमती साधना सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर गणेश पूजन और रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी का पूजन किया गया उसके बाद मंच पर रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहाड़ों की कंदरा में देव ऋषि नारद कठोर तपस्या में ली दिख रहे हैं और उनकी कठोर तपस्या देखकर भगवान शंकर उन्हें जगाने का प्रयास करते हैं पर्व है तपस्या से नहीं जागते उसके बाद ब्रह्मा जी वहां आते हैं और कहते हैं पुत्र वरदान मांगो लेकिन उनकी निद्रा नहीं टूटती है उनके कठोर तपस्या को देखकर देवराज इंद्र भी चिंतित हो जाते हैं वह कामदेव को तपस्या भंग करने को भेजते हैं पर कामदेव भी सफल नहीं होते हैं और वह वापस चले जाते हैं तब एक दिन वह अपनी निंद्रा से जागते हैं और कहते हैं मैंने तो कामदेव को भी जीत लिया है ।


रामलीला के उद्घाटन के मौके पर मौजूद अतिथि

# प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में हुई शिक्षक अभिभावक बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश के द्वारा किया गया ।

बैठक में कैच अप गतिविधि, डीबीटी, विद्यालय में साफ सफाई, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु चर्चा, पठन कौशल विकसित करने हेतु नियमित विद्यालय में समाचार पत्र उपलब्ध कराना, लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों को पढ़ना एवं उनका रख रखाव, विद्यालय में स्टूडेंट्स की उपस्थिति एवं ठहराव एवं आगामी माह में आने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं जानकारी साझा की गई। बैठक में एआरपी अरुण कुमार ने बच्चों को घर पर पढ़ने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया एवं शिक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की।अरुण कुमार के द्वारा विद्यालय का सपोर्टिव सुपरविजन भी किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के स्टूडेंट्स से प्रश्न पूछे और बच्चों ने उनके सही-सही जवाब दिए। बैठक में विद्यालय स्टाफ दीपा सैनी, गीता, हरिओम, एसएमसी अध्यक्ष विजेंद्र, अभिभावक कामिनी, मित्रपाल, नवल किशोर, सीमा, नीमवती, रामवती, उर्मिला, सुरेखा, शबाना, इंतजार, इरशाद अली, जाकिर नबी, दिनेश बाबू , बबीता सिंह आदि उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित शिक्षक, अभिभावक एवं एआरपी अरुण कुमार।

**चयन** लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौंपा नियुक्ति पत्र, अब यूपी पुलिस के लिए गोल्ड जीतने का सपना

# नेशनल शूटर मोहित पाल का यूपी पुलिस में आरक्षी पद पर चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के अशोक सम्राट नगर निवासी और राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज मोहित पाल का उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद पर चयन हुआ है। लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस में चयनित 470 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी दौरान मोहित पाल को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**लोगों ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके मोहित पाल भविष्य में यूपी पुलिस और मुरादाबाद का नाम देशभर में रोशन करेंगे**

मोहित पाल ने शूटिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। मोहित ने शूटिंग की शुरूआत केंद्रीय विद्यालय हरथला से की और लगातार मेहनत व अभ्यास के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

मोहित पाल के पिता हरि सिंह पाल मुरादाबाद में ही रेलवे में सीनियर पार्सल बाबू (HCP) के पद पर कार्यरत हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। मोहित की सफलता को लेकर परिजन, मित्रों और खेल जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी है।मोहित पाल का कहना है कि यूपी पुलिस में आर क्षी के रूप में चयन उनके लिए गर्व का विषय है। अब उनका सपना है कि वह यूपी पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए शूटिंग में लगातार बेहतर प्रदर्शन करें और प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीतें।मोहित की इस उपलब्धि से मुरादाबाद के खेल जगत में भी खुशी की लहर है। लोगों ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके मोहित पाल भविष्य में यूपी पुलिस और मुरादाबाद का नाम देशभर में रोशन करेंगे।


मोहित को नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री

गाजियाबाद, शनिवार, 10 अक्टूबर 2026
Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com





# खड़ी कंबाइन में कैंटर ने मारी टक्कर,चालक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** धर्मपुरा बाईपास के पास गुरुवार देर रात खड़ी कंबाइन मशीन में पीछे से कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मिलक थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, मचा कोहराम

जानकारी के अनुसार, धर्मपुरा बाईपास के किनारे एक कंबाइन मशीन खड़ी थी। गुरुवार देर रात रामपुर की ओर से बरेली जा रहे कैंटर ने कंबाइन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद चालक को क्षतिग्रस्त कैंटर के केबिन से बाहर निकाला गया और नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान विशाल निवासी जिला बुलंदशहर के रूप में हुई है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।साथ ही दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुआ वाहन

# दूसरे दिन भी सीएमओ ऑफिस में डटे रहे कर्मचारी, दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** समान पद और वेतन एवं समान नियमावली की मांग को लेकर एनएचएम संगठन के कर्मचारी दूसरे दिन भी डटे रहे। जहां उन्होंने सांकेतिक धरना दिया। जिलाध्यक्ष सतबीर सिंह गुर्जर ने बताया कि शनिवार को भी सांकेतिक धरना जारी रहेगा। 12 को लखनऊ की ओर कूंच करेंगे।

### आज भी जारी रहेगा कर्मचारियों का धरना, 12 को लखनऊ करेंगे कूच

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत सभी संवर्गों के कर्मचारियों को उनके कार्य एवं जिम्मेदारियों के अनुरूप समान अधिकार, सम्मान एवं उचित वेतनमान मिलना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर दूसरे दिन भी सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कहना है कि एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, समान पद-समान वेतन, समान नियमावली तथा कर्मचारियों की वेतन संबंधी विसंगतियों का समाधान शामिल है। धरना देने वालों में जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी रेहान खान, महिला उपाध्यक्ष प्रीति चौधरी, उपाध्यक्ष पंकज दिवाकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीम आलम, कार्यालय मंत्री जस्सी, सचिव मंजू रानी, कोषाध्यक्ष गायत्री देवी रीना यादव, पदमा रानी, राजकुमार डैम, अंकित शर्मा, मोहित, मथुरा सिंह, शेर सिंह मौजूद रहे।



मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय में सांकेतिक धरना देते कर्मचारी।

# यूपीआई पर एमडीआर के विरोध आज गजरेंगे व्यापारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** यूपीआई पर एमडीआर के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी आज पान दरीबा स्थित गरजेंगे। इसके बाद एक ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजेंगे। इसको लेकर व्यापार मंडल ने पूरी रणनीति बना ली है।

### पान दरीबा एकत्र होकर जताएंगे विरोध, सौंपेंगे ज्ञापन

जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि एक अगस्त 2026 से यूपीआई भुगतान पर व्यापारियों से 0.4 प्रतिशत टैक्स काटे जाने का व्यापार मंडल विरोध करता है। उप्र का कोई भी व्यापारी इस टैक्स को नहीं देगा। केंद्र सरकार की नीति अनुसार विगत 8-10 साल से डिजिटल भुगतान को जन-जन तक पहुंचाने में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत में 80 से 90 प्रतिशत व्यापार डिजीटल माध्यम से हो रहा है। ऐसी स्थिति में यूपीआई भुगतान 0.4 प्रतिशत टैक्स काटना बिल्कुल न्यायसंगत नहीं हैं। डिजिटल भुगतान मजबूत हो। इसके लिए व्यापारियों को 0.4 प्रतिशत से मुक्त किया जाए। इसको लेकर शनिवार 11:30 बजे पान दरीबा पहुंचे। जहां यूपीआई पर एमडीआर का विरोध जताया जाएगा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी मिलक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बारिश से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, नालों की सफाई और अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने सहित कई मांगें उठाई गईं।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग की कि बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का उचित सर्वे कराया जाए। साथ ही संबंधित लेखपालों को गांवों में जाकर निष्पक्ष सर्वे करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि प्रभावित किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा मिल सके।किसान नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक बढ़ने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा सड़कों पर पशुओं के घूमने से आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशालाओं में भिजवाने की मांग की।ज्ञापन में वार्ड संख्या

### मुआवजे से लेकर छुट्टा पशुओं तक के मुद्दे उठाए

22 स्थित रौरा कला में नाले की सफाई के बाद निकाली गई गंदगी को नाले के ऊपर ही डाल दिए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन का कहना है कि बारिश के दौरान यह मलबा दोबारा नाले में गिर जाता है, जिससे नाला बंद हो जाता है और जलभराव की समस्या पैदा होती है। उन्होंने सफाई के बाद मलबे को अलग स्थान पर डलवाने की मांग की।इसके अलावा कई गांवों में अधूरे पड़े पानी की टंकियों के निर्माण कार्यों को पूरा कराने की मांग की गई। ग्राम मेघानगला कदीम में राम भगवान मंदिर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराने के लिए प्रशासन से सहयोग उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।किसान नेताओं ने खतौनी में नाम और अन्य विवरणों के संशोधन के दौरान किसानों को तहसील के बार-बार चक्कर लगाने पड़ने की समस्या भी उठाई। उन्होंने राजस्व अभिलेखों में संशोधन की प्रक्रिया को दुरुस्त कर किसानों को राहत दिलाने की मांग की। संगठन ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर पहले भी ज्ञापन दिए जाते रहे हैं, लेकिन उनका समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाए।ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष, मिलक ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर सिंह यादव, ब्लॉक महासचिव गुलाम नबी कल्लूरा, जमील जाकिर हुसैन, शकील, सोहन सिंह, धर्मपाल, माजिद हुसैन, मुरारी, हरिराम, पुष्पेंद्र सहित अन्य किसान शामिल रहे।

# सपाइयों ने कांशीराम की मनाई पुण्यतिथि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सपा कार्यालय पर सपाइयों ने कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उनके जीवन पर प्रकाश डाला। नगराध्यक्ष आसिम राजा ने कहा कि कांशीराम इतिहास पुरुष थे। जिन्होंने अपने जीवन की शुरूआत एक सरकारी अधिकारी के रूप में की।

### सपा कार्यालय पर चित्र पर किए पुष्प अर्पित

सरकारी नौकरी में आने के बाद उन्होंने महसूस किया कि दबे कुचले शोषत वर्ग के साथ जो अन्याय और जुल्म ज्यादती का दौर चल रहा था। उन्होंने नौकरी छोड़ी। समाज के ऐसे लोगों को इकट्ठा किया। समाज की न बराबरी समाप्त करने, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचारों के खिलाफ लड़ने का संकल्प ले लिया गया था। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए सबको समान इज्जत, अधिकार दिलाने की तमाम कोशिशों की। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, पूर्व विधायक विजय सिंह, रामप्रकाश सेठ, अखिलेश गंगवार, हामिद गोल्डन, जावेद खां, आरिफ अरोमा आदि मौजूद रहे।



कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हर ज्ञान यादव।

# नगर पालिका रामपुर के वार्ड-13 उपचुनाव में मतदान से मतगणना तक होगी वीडियोग्राफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रामपुर के वार्ड संख्या-13 के रिक्त सदस्य पद पर होने वाले उपचुनाव की सभी प्रमुख प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इसके लिए मतदान दलों के प्रशिक्षण एवं रवानगी, मतदान तथा मत गणना के दौरान वीडियो ग्राफरों की तैनाती की जाएगी।

अपर प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) राकेश कुमार त्यागी ने बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण 12 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे तहसील सदर सभागार में होगा। इसी दिन प्रातः 11 बजे तहसील सदर से मतदान दलों की रवानगी की जाएगी। इन दोनों प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी के लिए एक वीडियो ग्राफर तैनात रहेगा। वार्ड-13 के उपचुनाव के लिए 13 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए हादी पब्लिक स्कूल, कुंडा तथा फुरकानिया गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल, दरख्त खिन्नी को मतदान केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर एक-एक वीडियो ग्राफर तैनात रहेगा, जो मतदान समाप्ति तक वीडियोग्राफी करेगा। मतदान के बाद मतदान दल तहसील सदर में मतपेटिकाएं जमा करेंगे। मतपेटिकाओं को तहसील सदर स्थित न्यायालय नायब तहसीलदार, क्षेत्र चमरौआ के कक्ष संख्या-6 में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। स्ट्रांग रूम को सील बंद किए जाने की प्रक्रिया की भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि मतगणना दलों का प्रशिक्षण 15 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे तहसील सदर सभागार में होगा, जबकि मतगणना प्रातः 8 बजे से इसी सभागार में कराई जाएगी। प्रशिक्षण और मतगणना की वीडियोग्राफी के लिए एक वीडियोग्राफर की तैनाती की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।




### 12 अक्टूबर को मतदान दलों के प्रशिक्षण व रवानगी, 13 अक्टूबर को मतदान और 15 अक्टूबर को मतगणना की होगी वीडियोग्राफी

## क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

## कार्तिक ने भी दो स्वर्ण सहित हासिल किए कई पदक

# मसवासी की जेसिका ने दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** पुलिस लाइन में आयोजित जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में सर्वहितकारी इंटर कॉलेज, मसवासी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में छात्रा जेसिका ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि कार्तिक ने भी विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सब जूनियर वर्ग की 80 मीटर दौड़ से हुआ।

### रामपुर पुलिस लाइन में आयोजित हुई जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

इसमें सर्वहितकारी इंटर कॉलेज की जेसिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, कार्तिक ने रजत पदक हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में भी कार्तिक ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। इसके बाद 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ में जेसिका ने भी पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।जूनियर वर्ग की 500 मीटर दौड़ में रेसिका ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया।

अनु ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। वहीं, सीनियर वर्ग की 400 मीटर दौड़ में मनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मेडल के साथ मौजूद विजयी छात्र

## संक्षिप्त समाचार

### तमाम तारीफ अल्लाह के लिए: मौलवी रेहान खां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले कुतबे को खिताब करते हुए मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने कहा कि अल्लाह कुरान में फरमा रहा है तमाम तारीफ अल्लाह के लिए हैं। सब पर उसी का हुक्म चलता है। फरिश्ते जिन्नात और यहां तक की मखलूख सब उसी के इशारे पर चलते है। उन्होंने कहा अल्लाह ही सब कुछ देने वाला है अगर अल्लाह ने नवाजा है तो गरीबों की मदद करो। उसके बगैर एक दाना भी जमीन से पैदा नहीं हो सकता। सब कुछ अल्लाह हुक्म है। इसके बाद नमाज अदा कराई गई। अंत में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई।

### महिला को पीटने का वीडियो का वायरल,पुलिस महकमा अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** कचहरी से आ रही महिला से मारपीट करने का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।जिसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला के पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला खटकान निवासी हलीमा खातून का कहना है कि उसका कुछ लोगों से विवाद चला आ रहा है।महिला का आरोप है। 7 अक्टूबर को कचहरी से तारीख करके वापस आ रही थी कि तभी पति बोला कि मेरे साथ घर चलो,महिला के मना करने पर आरोपियों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गंज पुलिस ने आरोपी नईम उर्फ शानू, अरशी,फहाद खान,शाहनवाज,महिला का पति शामिल है।

### लोकतंत्र बचाने की निर्णायक लड़ाई: हसीब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन की ओर से सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर पंचायत हुई। जिसमें हसीब अहमद ने सभी कार्यकर्ताओ से अपील की। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने पूर्ण समर्थन दिया है। 10 अक्टूबर को जो साथी दिल्ली पहुंच सकते हैं, वे पूरी तैयारी से पहुंचें। जो साथी दिल्ली नहीं जा सकते, वे अपने-अपने ज़िला कार्यालय पर ज्ञापन देकर आंदोलन को मज बूती दें। अब समय सिर्फ बातें करने का नहीं, बल्कि मैदान में उतरकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का है। सभी कार्यकर्ता तुरंत तैयारी में जुट जाएं, दिल्ली जाने वाले साथी कैंप कार्यालय से संपर्क करें, और जो जिले में रहेंगे वे ज्ञापन की तैयारी करें। याद रखिए, लोकतंत्र की रक्षा एकजुटता और मज बूत भागीदारी से ही होगी।



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता

### मिलक में रामलीला का शुभारंभ, पहले दिन हुआ नारद मोह की लीला का मंचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** नगर में गुरुवार की रात प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में 79वें श्री रामलीला महोत्सव का श्रद्धा और उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। रामलीला के पहले दिन नारद मोह की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से पौराणिक प्रसंग को जीवंत कर दिया। लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे और देर रात तक मंचन का आनंद लिया।

रामलीला मंच पर नारद मोह के प्रसंग में नारद मुनि की तपस्या, कामदेव के प्रयास और इसके बाद उत्पन्न मोह की कथा का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों के अनुसार, रामलीला महोत्सव के दौरान आगामी दिनों में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। महोत्सव के तहत 19 अक्टूबर को मेघनाथ के पुतले का दहन और 20 अक्टूबर को रावण दहन किया जाएगा।इसके साथ ही दो दिवसीय विशाल दशहरा मेले का आयोजन भी होगा।इस दौरान प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक वैद्य मनोहर लाल शर्मा, अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. विवेक शुक्ला, महामंत्री सुरेंद्र कुमार शर्मा, उपमंत्री राजू गुप्ता और प्रखर वशिष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मंचन करते कलाकार

### मिलक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** नगर के रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई गई है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने जिलाधिकारी रामपुर को पत्र भेजकर ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में देरी के कारण क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आदेश शंखधार ने पत्र में बताया कि मिलक रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर उन्होंने पूर्व में कई बार आंदोलन किया था। 20 फरवरी 2018 और 17 दिसंबर 2019 को एक-एक दिवसीय धरना दिया गया। इसके बाद 28 दिसंबर 2021 से 6 जनवरी 2022 तक दस दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। उस दौरान भारी बारिश और भीषण ठंड के बावजूद लगातार आंदोलन जारी रखा गया था।

उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी के माध्यम से इस मांग को शासन तक पहुंचाया गया, जिसके बाद रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से संबंधित औपचारिकताएं पूरी हुईं और निर्माण कार्य शुरू हो सका।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 25 मई 2025 को अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने दिसंबर 2025 के अंत तक ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करने का दावा किया था। हालांकि, अक्टूबर 2026 तक भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

ऐसे में लोगों को अब भी आवागमन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।आदेश शंखधार ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों को रेलवे फाटक पर होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# रामलीला में हुआ अहिल्या उद्धार, जनकपुरी प्रवेश और पुष्प वाटिका लीला का भावपूर्ण मंचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** धर्म, भक्ति और आस्था के रंगों से सजे श्री राम महोत्सव में शुक्रवार को प्रभु श्रीराम की दिव्य लीलाओं का ऐसा मनोहारी मंचन किया।श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। सुबह की बेला में श्री रासलीला, चैतन्य महाप्रभु की लीला एवं नगर भ्रमण लीला का आयोजन हुआ, वहीं रात्रि में श्री राम महोत्सव के अंतर्गत अहिल्या उद्धार, गंगोत्पत्ति वर्णन, जनकपुरी प्रवेश, नगर दर्शन, पुष्प वाटिका और गौरी पूजन की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी सजीव प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता और प्रीति अग्रवाल उपस्थित रहे। सुबह के धार्मिक आयोजनों में भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला ने श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम के दिव्य संसार का अनुभव कराया। रासलीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के निष्काम प्रेम, समर्पण और अनन्य भक्ति का संदेश दिया गया। गंगोत्पत्ति वर्णन के माध्यम से मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की पावन कथा प्रस्तुत की गई। राजा भगीरथ की कठोर तपस्या, उनके पूर्वजों के उद्धार का संकल्प और भगवान शिव की जटाओं में गंगा के वेग को धारण करने का प्रसंग भारतीय धर्म-संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है।श्रीराम-लक्ष्मण के महर्षि विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचने का दृश्य अत्यंत आकर्षक रहा। मिथिला की पावन धरती पर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के आगमन से नगर वासियों में हर्ष और उत्सुकता का वातावरण दिखाई दिया। जनकपुरी प्रवेश की लीला में मिथिला की सांस्कृतिक और राजपरिवार की गरिमा को मंच पर उकेरा गया।इसी दौरान श्रीराम और सीता के प्रथम दर्शन का दिव्य प्रसंग सामने आता है। मयार्दा, संकोच और पवित्र भावनाओं से सजा यह दृश्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। कलाकारों ने भाव-भंगिमाओं और संवादों के माध्यम से इस प्रसंग की कोमलता और आध्यात्मिक सुंदरता को मंच पर साकार किया।मंचन के दौरान माता सीता की भक्ति और मां गौरी के प्रति उनकी आस्था को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा, निर्मल भावना और विश्वास जीवन को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, जुगेश अरोड़ा कुक्कू भाई, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आकाश बंसल, शांति शरण राठौर, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।



मंचन करते कलाकार

**रामलीला महोत्सव में सीता जन्म,ताड़का-सुबहु वध का हुआ मंचन**

रामपुर।श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर के तत्वाधान में शुक्रवार रात्रि रामलीला महोत्सव का मंचन दर्शकों के लिए भावनात्मक रहा। ब्रज विलास रासलीला मंडल वृंदावन, मथुरा के कलाकारों द्वारा सबसे पहले सीता जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया। जिसमें जनकपुरी में माता सीता के जन्म का दृश्य दर्शकों को भावविभोर कर गया। इसके बाद मुनि आगमन का प्रसंग हुआ।महर्षि विश्वामित्र का आगमन और राम-लक्ष्मण को साथ लेकर वनगमन की तैयारी दिखाई गई। अंत में ताड़का और सुबहु बध का युद्ध दृश्य मंचित हुआ।राम और लक्ष्मण ने धनुष-बाण से राक्षसों का संहार कर धर्म की रक्षा की। कलाकारों के सजीव अभिनय और मंच सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ा।इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डा. तेजवीर यादव, अनुज सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, आशु गुप्ता, चितरंजन श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू शर्मा, संजीव दयाल सक्सेना, देवेश गुप्ता, राजेश नायक, पुनीत अग्रवाल, दिनेश कश्यप, संजू प्रजापति, विनोद कश्यप, सुभाष सक्सेना, अंकुश सक्सैना, पीयूष कुमार, विक्की सक्सेना, अरुण कीर्ति, सोनू शर्मा, रवि रामपुरी, अनुज भारद्वाज प्रमोद लोधी, धर्मवीर यादव, नवनीत सक्सेना, अनु सक्सेना, संतोष प्रसाद, नंदकिशोर शर्मा, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता, अनु गंगवार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 51 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर का निर्माण को लेकर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** श्री मंदिर महामाया ट्रस्ट पुराना गंज मंदिर माई का थान की बैठक गुरुवार रात्रि को संपन्न हुई। जिसमें 11 अक्टूबर दिन रविवार से आरंभ हो रहे नवरात्रि मैं होने वाले मंदिर परिसर में कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई।51 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर के निर्माण का प्रस्ताव ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल द्वारा रखा गया।अनुमानित लागत 10 लाख के आसपास होगी। जिस पर सभी ट्रस्ट के सदस्यों ने विचार किया।सभी ने सहमति दी कि 14 अक्टूबर दिन बुधवार सुबह 10 बजे आचार्य द्वारा शिखर पूजन करने का निर्णय सभी लिया। सभी भक्त समाज से इसमें बढ़-चला कर सहयोग करने का आग्रह किया गया। मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि में होने वाली ज्वाला माता की चौकी बरेली द्वारा आई हुई जागरण पार्टी द्वारा विगत नव रात्रों की भांति सातवीं नवरात्रि दिनांक 17 अक्टूबर दिन शनिवार को शाम 7 बजे से आरंभ होगी और नवमी 19 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से हवन दोपहर 1 आरती और भंडारा होगा। सभी ने श्रद्धालुओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर जोड़ दिया। बैठक में पंडित संजय शर्मा, उमेश कुमार सिंघल, रमेश पाठक, दिनेश गुप्ता, अश्वनी त्यागी, अजय अग्रवाल, सुरेश प्रजापति,अरुण सिंघल, संजीव अग्रवाल, गुड्डू हलवाई, रामशरण देवल, रजत गुप्ता, आदेश यादव, राहुल अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल मौजूद रहे।



मंदिर में हुई बैठक में मौजूद लोग

### चाइल्ड हेल्पलाइन ने छह घंटे में सीतापुर की बालिका को परिवार से मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीतापुर की 15 वर्षीय बालिका को छह घंटे के भीतर उसके परिवार से मिलाने में मदद की। 08 अक्टूबर 2026 को थाना आरपीएफ के माध्यम से लावारिस अवस्था में मिली बालिका की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को प्राप्त हुई।जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर जिला समन्वयक निजामुद्दीन के नेतृत्व में टीम ने बालिका को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया और काउंसलिंग के माध्यम से उसके पते की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों को सूचना दी गई।9 अक्टूबर को बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेश पर बालिका राधा को उसकी माता गीता और पिता मगरू की सुपुर्दगी में दे दिया गया।




बालिका के साथ मौजूद टीम

### मसवासी में महिला से दुष्कर्म का आरोप, युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर बंधक बनाकर दो दिन तक दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद शुक्रवार को आरोपी युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला का कहना है कि 17 सितंबर को वह दवाई लेने के लिए बिजारखाता मोड़ से स्वार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव का ही आसिफ पुत्र मोहम्मद अहमद, जो वर्तमान में नरपत नगर में रह रहा है, उसे मिला। आरोप है कि युवक उसे अपनी गाड़ी में बैठा कर नए किराये के मकान में ले गया। महिला ने आरोप लगाया कि वहां उसके हाथ-पैर बांधकर दो दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और जबरन दुष्कर्म किया गया। महिला के मुताबिक, दो दिन बाद वह शौच जाने के बहाने किसी तरह बंधन मुक्त होकर घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद पति ने स्वार थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी आसिफ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चौकी प्रभारी सोहनपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन डंपर-ट्रक चालान व सीज, 2.15 लाख रुपये का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर शुक्रवार सुबह 3 बजे से 8 बजे तक चलाए अभियान में ओवरलोडिंग के मामलों में तीन डंपर,ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों के चालान करने के साथ सीज की कार्रवाई भी की। कुल 2.15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान खान अधिकारी अमित कुमार एवं वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने वाहनों की जांच की। जांच के दौरान ओवरलोडिंग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।




वाहनों को चेक करते एआरटीओ

# लाभांश दिलाए जाने को दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने प्रदर्शन कर तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा है। जिसमें संगठन के महामंत्री सिफात अली खां का

**जिलाधिकारी को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन**

कहना है कि दिव्यांग दि न्यू अर्बन को -ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सिविल लाइंस के वर्ष 2022 से शेयर होल्डर है, लेकिन बैंक द्वारा उनके तथा अन्य शेयर होल्डरों के लाभांश के चेक उन्हें नहीं भेजे गए हैं। उन्हें चुनाव से वंचित रखने के उद्देश्य से दिव्यांगों तथा अन्य शेयर धारकों को बिना सूचना दिए शेयर मनी को एक हजार प्रति शेयर से बढ़ाकर दो हजार रुपए कर दिया गया है। उनका चार वर्ष का लाभांश उन्हें दिलाया जाए, उनकी शेयर मनी दो हजार रुपए कराई जाए। अधिकांश दिव्यांगों की पेंशन आठ माह से उन्हें नहीं मिली है,उनकी पेंशन शीघ्र दिलाई जाए। प्रदर्शन करने वालों में नूर अहमद, सिफात अली खान, फैजान अली, शाहिन, सुरेश कुमार, कृष्ण पाल, इमरान, मौलाना नियाज अहमद, मोहम्मद रफी, मुन्ना लाल मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट परिसर के प्रदर्शन करते दिव्यांग, महामंत्री।

## जत्थे को मुख्य अतिथि ने दिखाई हरी झंडी

# उमराह जायरीन 50 लोगों का जत्था रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को लब्बैक टूर्स एंड ट्रेवल्स ने उमराह का एक जत्था रवाना किया। जबकि मुख्य अतिथि हस्सान खां ने जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डायरेक्टर बाबू अली ने बताया जिला रामपुर के 50 हाजी सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। जहां वो मक्का मदीना का दीदार कर उमरा अदा करेंगे। अपने भारत मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं करेंगे। बाबू अली ने कहा कि यह हमारे मुल्क का सौभाग्य है कि हर साल लाखों के तादाद में लोग हज और उमराह करते हैं। जिससे हमारे देश की इकोनॉमी के साथ साथ जब से जायदा सऊदी जाने वालों में हमारे भारत का नाम आता है। इस मौके पर रिजवान शाह खान ने दुआ कराई। अपनों को छोड़ने आए तमाम लोगों ने नम आंखों से सबको रुखसत किया।



उमराह जायरीन जत्थे को रवाना करते डायरेक्टर व अन्य।

# बिलासपुर में आंधी बारिश के साथ गिरे ओले, घबराए लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** रुद्रपुर के साथ बिलासपुर में आए आंधी तूफान के साथ ओले गिरने से किसानों की फसल खराब हो गई।तेज तूफान के आने के कारण लोग दहशत में आ गए।बहुत से लोग अपने वाहनों को छोड़कर घरों में जाकर डुबक गए।

**किसानों की फसल हुई बर्बाद, मुआवजे की मांग**

पिछले कई दिनों से सुबह के समय सर्दी और दोपहर को गर्मी हो जाने के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं,लेकिन शुक्रवार सुबह को अचानक से मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए। दोपहर में हल्की बारिश हुई,लेकिन उत्तराखंड के रुद्रपुर में आए तेज तूफान के साथ ओले भी जमकर गिरे। जिसका असर बिलासपुर में भी देखने को मिला। बिलासपुर तहसील के दर्जनों गांव में ओलावृष्टि और बारिश के कारण धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। चड्ढा पेपर मिल से लेकर चीनी मिल तक का एरिया क्षेत्र पूरी तरह फसलें नष्ट हो गई।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने बताया कि वह जिला महासचिव मोहम्मद अहमद प्रधान जमुना प्रसाद, संतोष कुमार सिकदर के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। चड्ढा पेपर मिल पर गाड़ी में पंचर होने के कारण 10 मिनट रुक गए। मौसम खराब होते ही बारिश शुरू हो गई।चड्ढा पेपर मिल से 1000 मीटर की दूरी पर चले तो एक दम से मोटे आलू और मोती प्याज के बराबर ओले गिरना शुरू हो गए। देखते ही देखते हम सभी लोग घबरा गए। शासन प्रशासन से हमारी मांग है कि जिन किसानों के खेतों में फसलों में ओलावृष्टि हुई है।पूरी तरह से फसली नष्ट हो गई हैं उन्हें फसल का पूरा मुआवजा दिया जाए उनके सभी तरह के कर्ज माफ किए जाएं। अगर ऐसा नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन अंबावता बड़े आंदोलन को मजबूर होगी। किसान के 6 महीने के ख्वाब 6 साल के ख्वाब चंद मिनट में नष्ट हो गए।





ओले गिरने से बिछी फसल को देखते किसान। सड़क किनारे पड़े ओले

# स्कूल में हुआ तिथि भोजन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में तिथि भोजन का आयोजन किया गया।इसके अंतर्गत ग्राम प्रधान जावेद अली ने अपनी पुत्री आयजा नूर का जन्मदिन विद्यालय के बच्चों के साथ केक काटकर मनाया।तिथि भोजन आयोजन के अंतर्गत आज मिड डे मील में पूरी सब्जी और हलुवा बनवाया गया। जिसका वितरण रसोइयों के द्वारा सभी बच्चों को भोजन पंक्ति में बिठाकर किया गया।तिथि भोजन के आयोजन से कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों में एक विशेष उत्साह देखा गया।इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू,मलखान सिंह, नसरीन बी, रजिया बेगम, सीमा गौहर, शविस्ता नैयर, शहनाज फातिमा, शाजिया बी आदि उपस्थित रहे।



कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में "तिथि भोजन आयोजन के अंतर्गत पूरी, सब्जी और हलुवा ग्रहण करते बच्चे

# कबड्डी खिलाड़ी ने किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** तहसील शाहबाद निवासी राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने बताया कि उनको फोन कॉल के माध्यम से जानकारी मिली कि ओम हॉस्पिटल में एडमिट पंजाब नगर निवासी महिला को रक्त की आवश्यकता है तब सुनील ने जरूरत के वक्त वर्धमान चैरिटेबल ब्लड बैंक पहुंचकर अपना ओ नेगेटिव रक्तदान किया। सुनील ने बताया कि वह 22वीं बार रक्तदान कर चुके है और वह वर्ष 2018 से नियमित रक्तदान कर रहे है। लगातार सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनहित से जुड़ने का काम कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था, खेल व्यवस्था, सड़क व्यवस्था सुधार के लिए भी लगातार है।



वर्धमान चैरिटेबल ब्लड बैंक में रक्तदान करते कबड्डी खिलाड़ी।

# मौलाना सैयद अर्हमान आजमी के इंतकाल इल्मी, दीनी जगत के लिए अपूरणीय क्षति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जमीयत उलेमा के सदर एवं मदरसा इस्लामिया अरबिया फैजुल उलूम के मुहतमिम मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी ने नदवतुल उलमा, लखनऊ के मोहतमिम हजरत मौलाना सईदुर रहमान आजमी के इंतकाल पर रंज ओ गम का इजहार करते हुए कहा कि इसे इल्मी, दीनी और मिल्ली जगत के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि हजरत मौलाना सईदुर रहमान आजमी की इल्मी, दीनी और इंतजामी खिदमात नदवतुल उलमा के इतिहास का अहम हिस्सा हैं। हजरत मौलाना अली मियां नदवी की सोहबत से फैजयाब होकर आपने नदवा की तरक्की, उलूमे इस्लामिया के फरोग और इल्मी गतिविधियों के विस्तार के लिए जिस इख्लास, जद्दोजहद और कुर्बानी का मुजाहिरा किया। वह हमेशा याद रखा जाएगा। मौलाना असलम जावेद कासमी ने अपने निजी तास्सुरात बयान करते हुए कहा कि दुबई में अपने कयाम के दौरान हजरत से कई बार मुलाकात का मौका मिला। हर मुलाकात में आपकी बे-तकल्लुफी, मोहब्बत और शफ्कत ने दिल पर गहरा असर छोड़ा। हजरत ऐसी ही शख्सियत थे। उनका इंतकाल एक अजीम इल्मी अध्याय के समाप्त होने जैसा है।



मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी, मदरसा प्रबंधक

## उपलब्धि — उपमुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनपद को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

# आयुष्मान कार्ड बनाने में रामपुर प्रदेश में प्रथम,एक वर्ष में बने 1.79 लाख कार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विगत एक वर्ष में जनपद में सर्वाधिक 1 लाख 79 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस उपलब्धि पर 07 अक्टूबर को लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जनपद को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के प्रभावी मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के कुशल नेतृत्व तथा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अजीज हसन अंसारी के प्रयासों से जनपद ने यह उपलब्धि हासिल की।अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ पूर्ति, पंचायती राज एवं आईसीडीएस विभाग की टीमों ने भी बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनता दर्शन के दौरान जरूरतमंद लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इनमें तहसील टांडा के ग्राम पोयली नायक निवासी कैंसर पीड़ित केविन्दर सिंह, तहसील मिलक के राजकुमार माहेश्वरी शामिल रहे। राजकुमार माहेश्वरी के पैर की सर्जरी भी होनी है। इसके अतिरिक्त स्वार तहसील क्षेत्र के हेमराज और प्रेमशंकर जो 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं को भी आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए।आयुष्मान कार्ड मिलने से पात्र लाभार्थियों को गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक सहारा मिलेगा। योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को निर्धारित नियमों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इससे जरूरतमंद परिवारों को इलाज पर होने वाले खर्च का बोझ कम करने में मदद मिलती है।

**जनपद में अब तक बने 6,91,928 आयुष्मान कार्ड**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद रामपुर में अब तक कुल 6,91,928 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना और जनता दर्शन के माध्यम से जरूरतमंद लाभार्थियों तक कार्ड पहुंचाना, पात्र लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में जनपद के प्रयासों को दशार्ता है।जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि योजना के पात्र लाभार्थियों तक आयुष्मान कार्ड का लाभ पहुंचाया जाए, ताकि आर्थिक स्थिति के कारण किसी भी पात्र व्यक्ति को गंभीर बीमारी के उपचार में कठिनाई का सामना न करना पड़े।



पीड़ित को आयुष्मान कार्ड देते डीएम।



प्रशास्ति पत्र के साथ डीएम और सीएमओ

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# अब नई बेंच बनेगी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

केंद्र ने विधेयक के जरिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटा, तो उसके बाद लगभग तीन साल गुजर चुके हैं। अब नई बेंच बनेगी, तो जैसा तजुर्बा है, उसका फैसला आने में अभी कई और वर्ष गुजरेंगे।

मार्च 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय की। पांच जजों की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी कि ये नियुक्तियां तीन सदस्यीय समिति करेगी, जिसमें प्रधानमंत्री, भारत के प्रधान न्यायाधीश, एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल रहेंगे। नरेंद्र मोदी सरकार को यह निर्णय पसंद नहीं आया, तो उसने उसी वर्ष दिसंबर में संसद से विधेयक पारित करवा कर समिति की संरचना बदल दी। इसके तहत प्रावधान किया गया कि नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त एक कैबिनेट मंत्री, और नेता विपक्ष रहेंगे। इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, तो न्यायालय ने वह याचिका दो जजों की बेंच को सौंप दी। उस पीठ का बंटा हुआ फैसला बुधवार को आया। एक जज- न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने याचिका में पेश दलील को जायज मानते हुए कहा कि उपरोक्त कानून ने नियुक्ति समिति में सत्ता पक्ष का बहुमत कायम कर दिया है, जिससे वहां नेता विपक्ष की मौजूदगी सजावटी बन भर रह गई है। वे इस तर्क से भी सहमत हुए कि मौजूदा स्वरूप में समिति 'स्वतंत्र मालूम नहीं पड़ती। लेकिन दूसरे जज जस्टिस एस.सी. शर्मा ने सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश दलील से सहमति जताई कि इस मामले से महत्त्वपूर्ण कानूनी प्रश्न जुड़े हुए हैं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट की अधिक बड़ी बेंच ही फैसला दे सकती है। तो अब मामला फिर से प्रधान न्यायाधीश के पास चला गया है। वे तय करेंगे कि क्या इस मुद्दे पर फिर से संविधान पीठ बने? केंद्र ने जब विधायी पहल के जरिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटा था, तो उसके बाद लगभग तीन साल गुजर चुके हैं। अब नई बेंच बनेगी, तो जैसा तजुर्बा है, उसका फैसला आने में अभी कई और वर्ष गुजरेंगे। इस बीच तमाम चुनाव सरकार के मन-माफिक बने निर्वाचन आयोग की देखरेख में होते रहेंगे। अतः सामान्य स्थितियों में फैसले का इंतजार असहनीय महसूस नहीं होता। लेकिन निर्वाचन आयोग जैसी शिकायतों से घिरता चला गया है, उसको लेकर जैसे संदेह सार्वजनिक दायरे में मौजूद हैं, उन्हें देखते हुए बहुत बड़े जनमत को संभावित देर अंधेर का कारण बनती मालूम पड़ेगी।

**{ अच्छे विचार }**

**गलत लोग सभी के जीवन में आते हैं लेकिन सीख हमेशा सही देकर जाते हैं**

# सवाल मतदाता का है, जवाबदेही सरकार और चुनाव आयोग की भी है



सौरभ वार्ष्णेय

आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि कौन-सा राजनीतिक दल किसके पक्ष में खड़ा है, बल्कि सवाल यह है कि मतदाता के मन में उठ रहे संदेहों का समाधान कौन करेगा? लोकतंत्र की असली ताकत सत्ता के प्रचार में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास में होती है। जब मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगें और उनके जवाब स्पष्ट तथा समय पर जनता के सामने न आएं, तो भ्रम की स्थिति पैदा होना स्वाभाविक है। यह स्थिति किसी एक दल या एक विचारधारा तक सीमित नहीं है। आज सत्ता पक्ष के पास अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए तमाम साधन हैं। सरकार अपनी योजनाओं, उपलब्धियों और नीतियों का प्रचार पूरे जोर-शोर से करती है। यह उसका अधिकार भी है। लेकिन लोकतंत्र में केवल सरकार की बात जनता तक पहुंचना पर्याप्त नहीं है। सरकार के निर्णयों पर सवाल उठाने वाले नागरिकों, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को भी अपनी बात रखने का समान अवसर मिलना चाहिए और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है।

निर्वाचन आयोग स्वयं मतदाता सेवाओं के लिए नाम खोजने, मतदाता सूची में संशोधन, शिकायत दर्ज करने और अपील जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है। वर्तमान में आयोग के पोर्टल पर एसआईआर 2026 से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध हैं। आयोग का घोषित उद्देश्य यह है कि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति उसमें शामिल न हो। फिर सवाल यह है कि यदि व्यवस्था इतनी स्पष्ट है तो मतदाता के बीच भ्रम की गुंजाइश क्यों पैदा हो रही है? यही वह प्रश्न है जिसका जवाब केवल राजनीतिक बयानबाजी से नहीं दिया जा सकता। आज चुनाव आयोग को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों और समूहों की ओर से अनेक दावे किए जा रहे हैं। इनमें से कौन-सा दावा तथ्यात्मक है और कौन-सा राजनीतिक आरोप–इसका फैसला जनता को प्रमाण और आधिकारिक जानकारी के आधार पर करना चाहिए। लेकिन यहां सरकार और निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

यदि किसी चुनावी प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में संदेह है तो उसका सबसे अच्छा उत्तर यह नहीं हो सकता कि सवाल उठाने वालों को ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाए। बेहतर उत्तर है। सभी आंकड़े सार्वजनिक कीजिए प्रक्रिया समझाइए, आपत्तियों का जवाब दीजिए और जहां गलती हुई है, उसे स्वीकार कर सुधार कीजिए निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और चुनाव प्रक्रिया में उसकी विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयोग स्वयं मतदाता सूची, पंजीकरण, संशोधन और शिकायतों के लिए आधिकारिक माध्यम उपलब्ध कराता है। इसलिए जनता के सवालों का जवाब भी उतनी ही स्पष्टता से आधिकारिक स्तर पर सामने आना चाहिए। आखिर आंदोलन से डर क्यों? दूसरा बड़ा सवाल विरोध और आंदोलन को लेकर है। भारत का संविधान नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण और बिना हथियार सभा करने का अधिकार देता है। साथ ही संविधान यह भी स्पष्ट करता है कि इन अधिकारों पर कानून के अनुसार उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इसलिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। लेकिन कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक असहमति के बीच अंतर करना भी उतना ही जरूरी है। यदि कोई राजनीतिक दल या जनप्रतिनिधि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहता है, तो प्रशासन की भूमिका उसे पूरी तरह रोकने की बजाय ऐसी व्यवस्था बनाने की होनी चाहिए जिससे प्रदर्शन भी हो सके और आम जनता को असुविधा भी न हो।स्थान निर्धारित किया जा सकता है। समय निर्धारित किया जा सकता है। यातायात की व्यवस्था की जा सकती है। पुलिस बल तैनात किया जा सकता है। सुरक्षा के लिए आवश्यक शर्तें लगाई जा सकती हैं।लेकिन सवाल यह है कि क्या हर असहमति को कानून-व्यवस्था की समस्या मान लेना लोकतांत्रिक दृष्टि से उचित है? यह प्रश्न आज केवल विपक्ष का नहीं है। कल यही परिस्थिति किसी दूसरे राजनीतिक दल, किसी सामाजिक संगठन या आम नागरिक के सामने भी आ सकती है। सरकार अपनी आलोचना सुनने की क्षमता भी दिखाए? लोकतंत्र में सरकार केवल इसलिए सरकार नहीं होती कि उसके पास बहुमत है। सरकार की वास्तविक लोकतांत्रिक शक्ति इस बात में भी दिखाई देती है कि वह आलोचना को किस प्रकार स्वीकार करती है। यदि कोई नागरिक सरकार से सवाल पूछता है, तो वह लोकतंत्र के खिलाफ नहीं होता। यदि कोई विपक्षी दल चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, तो उसके आरोपों की जांच होनी चाहिए।

यदि आरोप गलत हैं तो तथ्य सामने रखकर उन्हें खारिज किया जाना चाहिए। यदि कोई शिकायत सही है तो उसका समाधान होना चाहिए। बल्कि कई बार सवाल दबाने की कोशिश ही उस सवाल को और बड़ा बना देती है।आज सोशल मीडिया के दौर में आधी-अधूरी जानकारी कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। ऐसे में आधिकारिक संस्थाओं की चुप्पी या अस्पष्टता अफवाहों के लिए जगह बना सकती है।

निर्वाचन आयोग के पास इसका सबसे प्रभावी हथियार है तथ्य, दस्तावेज और पारदर्शी संवाद। मतदाता को राजनीति का नहीं, सत्य का भरोसा चाहिए। भारत का मतदाता राजनीतिक रूप से बेहद जागरूक है। वह सरकारें बनाता है और बदलता है। वह नेताओं के भाषण सुनता है, लेकिन अपने विवेक से मतदान करता है। इसलिए मतदाता को किसी दल के पक्ष या विपक्ष में खड़ा करने की बजाय उसे पूरी और सही जानकारी देना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम है या नहीं ? नाम हटाया गया तो क्यों?आपत्ति कैसे दर्ज होगी? सुधार कैसे होगा? एसआईआर की प्रक्रिया क्या है? किस दस्तावेज की आवश्यकता है? किस अधिकारी के सामने अपील होगी? समय सीमा क्या है? इन सभी सवालों के जवाब सरल भाषा में घर-घर पहुंचने चाहिए। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और मतदाता सेवा पोर्टल पर नाम खोजने, आवेदन की स्थिति देखने, शिकायत दर्ज करने तथा अपील जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन केवल ऑनलाइन सुविधा पर्याप्त नहीं है। देश के करोड़ों नागरिकों तक सूचना पहुंचाने के लिए राजनीतिक दलों, प्रशासन, मीडिया और निर्वाचन तंत्र को मिलकर काम करना होगा।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलने से लोकतंत्र कमजोर होता है। सत्ता पक्ष को यह समझना होगा कि विपक्ष का काम सवाल पूछना है और विपक्ष को यह समझना होगा कि हर आरोप को तथ्य के आधार पर ही मजबूत बनाया जा सकता है। सरकार को सवालों से घबराने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग को आलोचना से बचने की बजाय अपने काम की पारदर्शिता बढ़ाने की जरूरत है। विपक्ष को भी आरोपों के साथ प्रमाण रखने की जिम्मेदारी निभानी होगी। और जनता को भी किसी वायरल संदेश को सच मानने से पहले आधिकारिक स्त्रोतों से सत्यापन करना होगा। लोकतंत्र में भरोसा आदेश से पैदा नहीं होता, भरोसा पारदर्शिता से पैदा होता है। आज जरूरत इस बात की है कि केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर देश को यह भरोसा दें कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में किसी भी पात्र नागरिक के अधिकार से समझौता नहीं होगा। साथ ही जो लोग सवाल उठा रहे हैं, उन्हें भी तथ्य सामने रखने और संवैधानिक रास्ते अपनाने का पूरा अवसर मिले।

# वर्ल्ड मेंटल हैल्थ अवेयरनेस डे : मन से पीड़ित होने की बजाय मन के मालिक बने



डॉ.बी.आर.नलवाया

दुनिया में एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे है, जिसमें चिंता और अवसाद (डिप्रेशन) सबसे प्रमुख है। यदि देखा जाय तो दुनिया में हर सातवाँ व्यक्ति किसी न किसी मानसिक रोग से पीड़ित है। भारत में मानसिक समस्याओं से ग्रसित लगभग 30 करोड लोग देखे गए हैं। वहीं मानसिक स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता को सीधा प्रभावित करता है। किसी भी व्यक्ति के भीतर क्रोध, अकेलापन और निराशा जैसी भावनाएँ ठीक है, लेकिन यदि ये भावनाएं अकसर बनी रहती है, तो यह ठीक नहीं। यह बात श्रीश्री रविशंकर ने कही। उन्होने कहाँ- "आजकल यह बहुत आम हो गया है, कि समृद्ध घरों के लोग, जिनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो शादीशुदा है, या फिर किसी रिश्ते में हैं, वे भी अकेलापन तनाव, चिंता और अवसाद के शिकार हो जाते हैं। ऐसा क्यों है ? क्योंकि हमने मन, भावनाओं और उससे अपने शरीर पर होने वाले प्रभाव के बारे में नहीं सीखा है। हमें न तो स्कूल में और न ही घर पर यह सिखाया जाता है, कि मन और भावनाओं को कैसे संभालना है।" मन से पीड़ित होने की बजाय मन के मालिक बना आवश्यक है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में 10 से 19 साल के किशोरों में हर साल 7 में से एक किशोर मानसिक विकार का सामना कर रहा है, स्पष्ट है कि युवाओं और कामकाजी वर्ग में अवसाद, चिंता और नींद की समस्याए अधिक देखी जा रही है। अस्पतालों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेने वालों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में 20-30 प्रतिशत तक बढ़ी है।

वही मनोचिकित्सक की संख्या भी हमारे देश में .75 प्रतिशत ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक लाख जनसंख्या पर तीन मनोचिकित्सकों की आवश्यकता है। अब मानसिक स्वास्थ्य का समय पर परीक्षण ओर देखभाल बहुत महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत को 2012 से 2030 के मध्य मानसिक स्वास्थ्य पर लगभग 81 लाख करोड रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# आयुष्मान खुराना के साथ मुपापा में नजर आएंगी अभिनेत्री श्रेया चौधरी, वाईआरएफ लगाएगा बड़ा दांव



अभिनेता आयुष्मान खुराना की आगामी फिल्म मुपापाइ को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेत्री श्रेया चौधरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रेया को बंदिश बैंडिट्सइ और द मेहता बॉयजइ जैसे धारावाहिकों के जरिए दर्शकों के बीच पहचान मिली है। अब वह बड़े पर्दे पर आयुष्मान के साथ जोड़ी बनाती दिखाई देंगी। इसी साल जुलाई में आयुष्मान खुराना के मुपापाइ से जुडने की खबर सामने आई थी। फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स मिलकर कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय विधानी इसके निमार्ता हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन समीर सक्सेना कर रहे हैं।

श्रेया चौधरी का फिल्म से जुडना उनके अभिनय करियर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। डिजिटल मंच पर अपने काम से दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के बाद अब वह यशराज फिल्म्स की आगामी रोमांचक फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। बताया गया है कि यशराज फिल्म्स की प्रतिभा प्रबंधन शाखा ने श्रेया को विशेष प्रबंधन के लिए अनुबंधित भी किया है। इससे उनके पेशेवर सफर में एक नया अध्याय जुड़ गया है। मुपापाइ को निमार्ताओं ने एक अलग तरह की सिनेमाघर केंद्रित फिल्म बताया है। फिल्म की कहानी और प्रस्तुति को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन निमार्ताओं का दावा है कि यह दर्शकों को नया दृश्य अनुभव देगी और कहानी की शुरूआत से अंत तक उन्हें बांधे रखेगी। फिल्म के निर्माण में यशराज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स का साथ आना भी इसे खास बनाता है। आयुष्मान खुराना की फिल्मों में आमतौर पर अलग विषय और कहानी देखने को मिलती है।

# वक्त के प्रवाह में सब कुछ बह जाता है



डाक्टर रश्मि गुप्ता

वक्त के प्रवाह में सब कुछ बह जाता है -
पहले बचपन फिर जवानी उसके बाद बुढ़ापा आता है।
जो सिर्फ कभी किसी की बेटी थी,
अब वो किसी की बहू भी बन गयी है।
बहू बनने पर मायके के रंग को छोड़कर,
ससुराल के रंग में ढल गयी है।
और अब वो माँ के रूप में,
पहले से भी ज्यादा निखर गयी है।
पहले जो सिर्फ खुद को न संभाल पाती थी,
अब वो बेटी सारे परिवार को संभालती है।
एक औरत वक्त के साथ बदलते,
हर किरदार को बखूबी निभाती है।
उसकी ममता, प्यार और त्याग,
की खुश्बू से यह दुनिया महक जाती है।
बदलते किरदारों का यू ही जीवन में आना जाना है,
वक्त के प्रवाह में सभी को बह जाना है।
वक्त के प्रवाह में सभी को बह ... जाना ... है।

डा. रश्मि गुप्ता

"कभी-कभी एहसास होता है, जिंदगी में भी कितना संघर्ष होता है, एक समय था जब हम होते थे, न खाने की खबर, न पढ़ने की चिंता, न ही काम का बोझ, न कमाने की चिंता, ये अपना अलग ही अंदाज था। आज बचपन छूटा, जिम्मेदारियां आ गईं, अब अपने बच्चों और बड़ों की फिक्र होने लगी... अभी नया मुकाम हासिल करना है, जिंदगी की कठिनाइयों को देखकर रुकना नहीं, मुस्कुराते हुए सफलता की शिखर पर पहुंचना है।"

**डाक्टर रश्मि गुप्ता**
**चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर गौतमबुद्धनगर यूपी**

# क्या बिहार की नियति बन चुका है बाढ़ का प्रकोप ?



निर्मल रानी

पड़ोसी देश नेपाल और मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश जैसे ऊपरी राज्यों में हुई भारी बारिश के बाद इन दिनों बिहार की गंडक, कोसी और गंगा समेत कई प्रमुख नदियों उफान पर हैं और बाढ़ का विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। इस समय राज्य के 15 से अधिक जिले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं और 50 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो चुकी है। कई जगहों पर मुख्य व पुराने जमींदारी तटबंध टूटने के कारण सैकड़ों गाँवों में पानी भर गया है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी और गंगा तटीय क्षेत्र इस समय सबसे गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पश्चिम चंपारण ,बगहा,बेतिया, पूर्वी चंपारण,मोतिहारी,गोपालगंज, सारण,छपरा,और मुजफ़्फ़रपुर आदि क्षेत्र गंडक नदी की बाढ़ से प्रभावित हैं। बगहा में गंडक का पानी रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच चुका है और अकेले बगहा में ही 24 घंटे में चार जगहों पर तटबंध टूटने से भारी तबाही हुई है। इसी तरह गंगा और सोन नदी में आई बाढ़ से पटना के दानापुर दियारा, गांधी घाट, बेगूसराय, भागलपुर के सुल्तानगंज, कहलगांव, खगड़िया, वैशाली, भोजपुर, लखीसराय, और बक्सर आदि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुये हैं। जबकि कोसी और बागमती नदी के कारण सुपौल, सहरसा, और मधेपुरा के निचले इलाके भी जलमग्न हो चुके हैं। तेज बहाव और उफनती नदियों के कारण छपरा जिले के सारण,मकेर और पानापुर प्रखंडों में मुख्य बांध टूटने से पानी तेजी से कर्चौलिया, अमनौर, जगदीशपुर, परसा जैसे नए रिहाइशी इलाकों की तरफ बढ़ रहा है और इन इलाकों में मिट्टी का भारी कटान हो रहा है। जबकि गोपालगंज के शीतलपुर में जमींदारी बांध टूटने से गंडक नदी का तेज बहाव आसपास के सात गांवों की जमीनों को तेजी से काट रहा है। इसी तरह पश्चिम चंपारण के योगापट्टी और मधुबनी ब्लॉक के सिसवा कुटी क्षेत्र में गंडक नदी का भयानक कटान जारी है, जहां पूरी की पूरी जमीन नदी में समाती जा रही है। उधर भागलपुर के ममलखा गाँव और पटना के दानापुर दियारा क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे भीषण कटान हो रहा है, जिससे किनारे बसे गांवों का वजूद ही खतरे में पड़ गया है। कुछ इलाकों में तीन फीट तक, जबकि निचले हिस्सों में छह से आठ फीट तक पानी जमा होने की खबर है।

राज्य के 250 से अधिक गाँवों के भीतर कई-कई फीट पानी भर चुका है, जिससे हजारों मकान डूब गए हैं। भागलपुर के ममलखा और छपरा के हजलपुर जैसे गांवों से दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए हैं, जहाँ तेज बहाव और भीषण भू कटान के चलते दो-दो मंजिला पक्के मकान ताश के पत्तों की तरह ढहकर कुछ ही सेकंडों में नदी में विलीन होते देखे गए। लाखों लोग अपने घर छोड़कर ऊंचे स्थानों और बांधों पर तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। इसी तरह हजारों एक-ड़ में लगी और तैयार धान, मक्का और सब्जियों की फसलें पूरी तरह पानी में डूबकर नष्ट हो चुकी हैं। बाढ़ के कारण किसानों की आजीविका पूरी तरह ठप हो गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर तो नुकसान का सटीक वित्तीय मूल्यांकन बाढ़ का पानी उतरने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा परन्तु शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक नुकसान बेहद व्यापक है। 50 लाख से अधिक लोग इस आपदा से सीधे तौर पर प्रभावित हैं। विभिन्न जिलों में पानी में डूबने की घटनाओं के कारण अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, पशुपालन विभाग के अनुसार, लगभग 70,000 मवेशी प्रभावित हुए हैं और उनके लिए चरागाह तथा चारे की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उधर छपरा और उत्तर बिहार के अन्य हिस्सों में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 722 पर 7 से 8 फीट तक पानी बहने के कारण परिवहन और संपर्क पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीण सड़कें, छोटे पुल-पुलिया और बिजली के बुनियादी ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। बिहार में लगभग प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ और जल प्रलय राज्य के लिये हमेशा ही एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। इसमें भौगोलिक कारणों के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था और नीतियों की भी बड़ी भूमिका रही है। इस समस्या के पीछे सरकार की जिम्मेदारी और कथित भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकताओं और विशेषज्ञों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि सरकार बाढ़ प्रबंधन में पूरी तरह दीर्घकालिक योजना बनाने में विफल रही है। नदियों में वर्षों से जमा हो रही गाद को निकालने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते जिससे नदियों का तल ऊंचा हो गया है और उनकी पानी सोखने की क्षमता कम हो गई है। जबकि आलोचक मानते हैं कि केवल नए तटबंध बनाना ही समाधान नहीं है, क्योंकि



वे पानी के प्राकृतिक प्रवाह को रोकते हैं। दशकों से कोसी या अन्य नदियों पर उच्च बांध बनाने की दिशा में नेपाल सरकार के साथ कोई ठोस अंतरराष्ट्रीय सहमति पाना भी इस समस्या के मुख्य कारणों में एक है। उधर वर्तमान एनडीए सरकार और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि बिहार की बाढ़ एक प्राकृतिक और भौगोलिक आपदा है जो मुख्य रूप से नेपाल में होने वाली अत्यधिक भारी बारिश और वहां से अचानक छोड़े जाने वाले पानी पर निर्भर करती है। सरकार के अनुसार जल संसाधन विभाग हर साल बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों की मरम्मत और कटाव रोकने के लिए हजारों करोड़ रुपये का बजट आवंटित करता है। इसके साथ ही बिहार में बाढ़ नियंत्रण और राहत फंड में भ्रष्टाचार के आरोप भी दशकों से एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहे हैं। विपक्ष, स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों द्वारा अक्सर आरोप लगाए जाते हैं कि बाढ़ नियंत्रण के नाम पर मिलने वाले टेंडर और मरम्मत कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं होती हैं।

# जनादेश का मान या सड़कों पर संग्राम: क्या चुनावी बहुमत को झुकाना चाहते हैं आंदोलन?



अशोक भाटिया

लोकतंत्र की आत्मा कहाँ बसती है? पाँच साल में एक बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाने वाली उँगलियों में, या सड़कों पर नारे लगाती भीड़ में? यह सवाल आज भारत के राजनीतिक विमर्श के केंद्र में है। हाल ही में राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर, संसद मार्ग और विशेष रूप से आकाशवाणी भवन के भीतर व बाहर जो दृश्य दिखाई दिए हैं, वे इसी बुनियादी द्वंद्व को रेखांकित करते हैं। एक तरफ विपक्षी दलों और युवा आंदोलनों का सड़कों पर उतरना है, तो दूसरी तरफ निर्वाचित सरकार का यह दृढ़ विश्वास है कि देश की नीतियों और संवैधानिक संस्थाओं का संचालन सड़क के दबाव से नहीं, बल्कि संसद की संप्रभुता से होना चाहिए।

हालिया दिनों में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूचियों में बदलावों को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ है, उसने इस बहस को एक नया मोड़ दे दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों का मार्च और आकाशवाणी भवन के परिसर में जबरन घुसकर किया गया 8 घंटे से अधिक लंबा धरना इस बात का जीवंत उदाहरण है कि कैसे राजनीतिक असंतोष अब प्रशासनिक सीमाओं को लांघ रहा है। लेकिन यहाँ विचारणीय प्रश्न यह है: क्या करोड़ों नागरिकों द्वारा दिए गए स्पष्ट चुनावी बहुमत और संवैधानिक प्रक्रिया को कुछ नेताओं के इस तरह के अवांछित सड़क प्रदर्शनों के आगे झुकाया जा सकता है? सरकार और संवैधानिक व्यवस्था के नजरिए से देखें तो इसका उत्तर पूरी तरह से 'ना' में होना चाहिए, क्योंकि यदि सड़क या किसी सरकारी कार्यालय के भीतर का फैसला ही अंतिम होने लगा, तो फिर मतपेटियों और लोकतांत्रिक जनादेश का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। किसी भी परिपक्व लोकतंत्र की स्थिरता उसकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर निर्भर करती है। भारत निर्वाचन आयोग एक ऐसी ही संवैधानिक संस्था है, जिसकी साख पर वैश्विक स्तर पर भरोसा किया जाता है। वर्तमान में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण (रक्फ़) को लेकर जो विरोध हो रहा है, उसे सरकार और कानूनविदों का एक बड़ा वर्ग संस्थाओं को कमजोर करने के सोचे-समझे प्रयास के रूप में देखता है। हाल ही में देश के 42 पूर्व न्यायाधीशों ने एक संयुक्त बयान में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की है कि संवैधानिक संस्थाओं पर बिना किसी पुख्ता सबूत के 'वोटों की चोरी' जैसे गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इन पूर्व न्यायाधीशों का स्पष्ट रूप से मानना है कि आलोचना करना लोकतांत्रिक अधिकार हो सकता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# दोपहर में अचानक बदला मौसम, आधे घंटे की बारिश से मिली गर्मी से राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया और तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद मौसम में ठंडक महसूस की गई। अचानक हुई बारिश से सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को बारिश के दौरान आवागमन में दिक्कत हुई। वहीं, बारिश थमने के बाद मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत महसूस की। दिन में अचानक हुई बारिश से मौसम में बदलाव देखने को मिला।

# असमोली में आंधी-तूफान का तांडव: पेड़ गिरने से ई-रिक्शा चालक की दबकर दर्दनाक मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (संभल)।** थाना असमोली क्षेत्र में अचानक आए तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान एक बेहद दर्दनाक हादसा घटित हो गया।

**तेज बारिश से बचने के लिए धर्मशाला के पास खड़े थे 55 वर्षीय भोलू शंकर, जेसीबी और हाइड्रा मशीन से घंटों की मशक्कत के बाद निकाला गया शव**

बारिश और तेज हवाओं से अपना बचाव करने के लिए धर्मशाला के पास एक विशाल पेड़ की ओट में खड़े ई-रिक्शा चालक के ऊपर अचानक पेड़ आ गिरा। पेड़ के भारी-भरकम मलबे के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भोलू शंकर (उम्र लगभग 55 वर्ष), पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय क्षेत्र में मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ गया और मूसलाधार बारिश के साथ तेज आंधी चलने लगी। ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पेट पालने वाले भोलू शंकर बारिश से बचने के लिए पास ही स्थित एक धर्मशाला के निकट पेड़ के नीचे रुक गए। इसी दौरान तूफान के तेज थपेड़ों के कारण पेड़ अचानक उखड़कर सीधे उनके ऊपर आ गिरा। हादसा इतना अचानक हुआ कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय असमोली थाना पुलिस और प्रशासनिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पेड़ काफी विशाल और भारी होने के कारण आम तरीकों से उसे हटाना संभव नहीं था, जिसके चलते प्रशासन ने तत्काल जेसीबी और हाइड्रा मशीन बुलवाकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। काफी प्रयासों और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक के शव को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला जा सका।

इस हादसे ने मृतक के परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। भोलू शंकर अपने घर के एकमात्र मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटे और एक बेटी हैं, जिनमें से तीन बेटों का विवाह हो चुका है, जबकि एक बेटे और बेटी की शादी की जिम्मेदारी अभी उन्हीं के कंधों पर थी। अचानक परिवार के मुखिया का साया सिर से उठ जाने के कारण परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# आवास विकास के पार्क बदहाल, कहीं गंदगी तो कहीं खड़े वाहन और निर्माण सामग्री का अंबार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** शहर के आवास विकास प्रथम की कॉलोनी में बने पार्क बदहाली का शिकार हैं। कहीं गंदगी का अंबार लगा है तो कहीं लोगों ने पार्कों को अपने घरों का फालतू सामान रखने, मकान निर्माण सामग्री डालने और कार व मोटरसाइकिल खड़ी करने का स्थान बना लिया है। इससे बच्चों के खेलने और बुजुर्गों व महिलाओं

**डीएम अंकल, प्लीज! पार्कों में सफाई कराकर खेलने की सुविधा दिला दीजिए... बच्चों ने लगाई गुहार, पालिका से सख्त कार्रवाई की मांग**





के टहलने की सुविधा प्रभावित हो रही है। कॉलोनी के लोगों ने पार्कों की सफाई कराने के साथ ही अवैध रूप से इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आवास विकास प्रथम में लोगों की सुविधा के लिए दो पार्क बनाए गए हैं। इनमें एक पार्क में बिजली के दो ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं।

नगर पालिका की ओर से यहां चारों तरफ बाउंड्रीवाल तो करा दी गई, लेकिन बच्चों और युवाओं के खेलने के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है। वहीं, दूसरे पार्क में बाउंड्रीवाल के साथ बच्चों के लिए महज एक झूला, बैठने के लिए आठ सीटें और लोहे का एक चक्कर लगा हुआ है। खेलकूद के पर्याप्त साधन नहीं होने से बच्चों को परेशानी होती है।

**पार्कों में कचरा और निर्माण सामग्री से परेशानी**

कॉलोनीवासियों का कहना है कि समस्या केवल सफाई और खेल सुविधाओं तक सीमित नहीं है।

अधिकांश पार्कों में लोगों ने अपने घरों का बेकार सामान, मकान बनाने की सामग्री और अन्य वस्तुएं रखकर जगह घेर ली है। कई जगह कार और मोटरसाइकिलें खड़ी की जा रही हैं।

इससे पार्कों का मूल उद्देश्य ही खत्म होता जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की ओर से कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कुछ लोग उन्हें अनदेखा कर रहे हैं।

**बीमारियों का खतरा, बच्चों की खेलने की जगह पर कब्जा**

पार्कों में जगह-जगह फैली गंदगी से मच्छरों के पनपने और बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। प्लास्टिक कचरे से पेड़-पौधों और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। गंदगी और सामान के ढेर के कारण बच्चे खुलकर खेल नहीं पाते, जबकि बुजुर्गों और महिलाओं को टहलने में परेशानी होती है। कॉलोनीवासी आकाश वार्ष्णेय ने कहा कि पार्कों की नियमित सफाई होनी चाहिए और बच्चों के लिए झूले, खेलकूद के साधन व बैठने की उचित व्यवस्था कराई जानी चाहिए।

**नोटिस तक सीमित न रहे कार्रवाई**

कॉलोनीवासियों की मांग है कि नगर पालिका पार्कों से निर्माण सामग्री, फालतू सामान और वाहन हटवाने के लिए सख्त कदम उठाए। पार्क सार्वजनिक उपयोग के लिए हैं, इसलिए इनका इस्तेमाल निजी सामान रखने या वाहन खड़े करने के लिए नहीं होना चाहिए। बार-बार नोटिस देने के बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि पार्कों को साफ-सुथरा बनाकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के उपयोग के योग्य बनाया जा सके।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में दियौरा खास के खिलाड़ियों का दबदबा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कुढ़ फतेहगढ़ के प्रांगण में शुक्रवार को न्याय पंचायत कुढ़ फतेहगढ़ की संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता का

**19 परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग, विभिन्न खेल स्पधाओं में दिखाया दमखम**

आयोजन किया गया। शुभारंभ नोडल संकुल विवेक सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के 19 परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, पीटी और व्यायाम सहित विभिन्न स्पधाएं आयोजित की गईं। जूनियर वर्ग की खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय दियौरा खास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में ज्योति (उच्च प्राथमिक विद्यालय कुढ़) और बालक वर्ग में नीतू (उच्च प्राथमिक विद्यालय दियौरा खास) प्रथम रहे। लंबी कूद में बालिका वर्ग में प्रियांशी और बालक वर्ग में गौरव ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में कंचन (प्राथमिक विद्यालय शहबाजपुर) और बालक वर्ग में ललित (प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर कुइया) विजेता रहे। लंबी कूद में बालिका वर्ग में मधु (प्राथमिक विद्यालय बिचैटा काजी) और बालक वर्ग में अभिषेक (प्राथमिक विद्यालय मिलक दियौरा खास) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, शारीरिक विकास और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना रहा।

# संपूर्ण एल्डर कमेटी के अस्तित्व में होने तक चुनाव संभव नहीं : अनिल गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (अंशुल गुप्ता)।** चंदौसी बार एसोसिएशन के 2026 -27 के वार्षिक चुनाव पर शुरू हुआ विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसकी वजह से चंदौसी बार

- **एसोसिएशन के चुनाव फिर टले**
- **एल्डर कमेटी बार कौंसिल को पत्र लिखकर मांगेगी निर्देश**

एसोसिएशन चंदौसी में अध्यक्ष और अन्य पदों पर होने वाले चुनाव एक बार फिर टल गए हैं। गुरुवार को बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता नवनीत सिंह यादव की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एल्डर कमेटी के सदस्य लोकेंद्र शर्मा को चुनाव कार्यक्रम से अलग रखने का आदेश जारी किया था। शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि अधिवक्ता लोकेंद्र शर्मा



अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी की मदद कर रहे हैं। जिसके बाद शुक्रवार को एल्डर कमेटी ने जिला न्यायालय में एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने की। कमेटी ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक संपूर्ण एल्डर कमेटी अस्तित्व में हो तब तक चुनाव संपन्न कराया जाना संभव नहीं है। ऐसे में निर्णय लिया गया कि कमेटी जल्द एक पत्र बार कौंसिल को लिखकर उचित निर्देश प्राप्त करेगी और उसके बाद ही चुनाव की घोषणा होगी। निर्देश प्राप्त न होने तक चुनाव को स्थगित रखा जाएगा। इस दौरान एल्डर कमेटी के शकील अहमद वारसी एड., मौ. सगीर सैफी एड., राज बहादुर एड. शामिल रहे।

# विश्व डाक दिवस पर मदरसा इस्लामिया आजाद मुनव्वर-उल-कुरआन में, डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/संभल।** विश्व डाक दिवस के अवसर पर दीपा सराए स्थित मदरसा इस्लामिया आजाद मुनव्वर-उल-कुरआन में एक डाक टिकट प्रदर्शनी (डाक संग्रहालय) का आयोजन किया गया। यह आयोजन मदरसा के प्रबंधक मु० अब्दुल्ला द्वारा उनके व्यक्तिगत डाक टिकट संग्रह के आधार पर किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए प्रबंधक मु० अब्दुल्ला ने डाक टिकटों के



ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि डाक टिकट सिर्फ कागज का एक छोटा सा टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह एक अहम दस्तावेज है जो किसी देश की तहजीब, रस्म-ओ-रिवाज, महत्वपूर्ण शख्सियतों और ऐतिहासिक घटनाओं से रूबरू कराता है। यह देश की प्रगति और यादों का एक अनमोल खजाना है।

**इतिहास और दुर्लभ डाक टिकटों की झलक:**

प्रदर्शनी में डाक इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और दुर्लभ **टिकट प्रदर्शित किए गए:**

विश्व का पहला डाक टिकट: 1840 में ग्रेट ब्रिटेन में जारी किया गया 'पेनी ब्लैक', जिस पर रानी विक्टोरिया की तस्वीर थी।

अन्य ऐतिहासिक टिकट: 1843 में ब्राजील द्वारा जारी 'पेनी ब्लू' (बुल्स आई), 1847 में अमेरिका का जॉर्ज वाशिंगटन की तस्वीर वाला टिकट और 1854 में भारत में 'सिंध डाके' (सेंडे डाक) के रूप में जारी पहला डाक टिकट।

**प्रदर्शित किए गए प्रमुख संग्रह:**

प्रदर्शनी में आजादी से पहले और बाद के कई ऐतिहासिक डाक टिकट शामिल रहे, जैसे: 1349 हिजरी की सरकारे आसिफिया टिकट, मध्ययुगीन मूर्तिकला, भारत अंतरराष्ट्रीय डाक और सोमनाथ मंदिर। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मदर टेरेसा और डॉ. भीमराव अंबेडकर पर जारी विशेष टिकट।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर जारी डाक टिकट, रामायण, महाभारत, योग, स्वतंत्रता आंदोलन, सांची स्तूप, भारतीय फैशन और यातायात के साधन।

लाल दिवस, ओलंपिक खेल, स्वच्छ भारत अभियान और भारत के विख्यात गायकों पर आधारित डाक टिकट।

इस अवसर पर फरहा नाज, कादिर, मुबीन, डॉ. नाजिम, नजमी, रमशा, हुदा, जैनब, उजमा, शाहनाज, मु० हबीब, समद, सभासद अनीस सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और प्रदर्शनी की सराहना की।

# मध्य गंगा नहर के ठेकेदारों की मनमानी के चलते, आम जनमानस परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** संभल में मध्य गंगा नहर का कार्य कागजों में बहुत तेजी से चल रहा है उसका कारण है सरकार द्वारा तय किया गया समय सीमा।

**अधूरी पुलिया के चलते दो पहिए वाहन फिसल का गिर रहे हैं, चोटिल हो रहे लोग**



परन्तु धरातल कुछ और ही वया. कर रही है हकीकत तो यह है कि अभी तक जनपद में कोई नहर चालू ही नही हुई और दस्तावेजों में सभी कार्य पूर्ण है, सरकार को चूना लगा रहे हैं संबंधित अधिकारी। जनपद के टाडा थरैसा जयसिंह मार्ग पर बन रही पुलिया जो ठेकेदार अधूरी छोड़कर भाग गए उसका खमियाजा राहगीर उठा रहे है पुलिया के पास भारी तादात में कीचड़ में फिसल कर गिर रहे वाहन चोटिल हो रहे रहा गीर। ऐसा ही एक मामला आटा पंवासा मार्ग पर गांव थरैसा जयसिंह के नजदीक वनी अधूरी मध्य गंगा नहर की पुलिया राहगीरो को घटना का सबब बनी हुई है अधूरी पुलिया पर आये दिन घट रही है घटनाएं परन्तु संबंधित अधिकारी बेखबर।

# चुनाव आयोग के समर्थन में उतरे व्यापारी, ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न देने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई और प्रबुद्ध नागरिकों ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। कैथल गेट से शुरू हुआ मार्च मुख्य बाजार में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान हाथों में तख्तियां लेकर लोगों ने चुनाव आयोग के प्रति समर्थन जताया।




युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग देश की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है। इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग ने हमेशा पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराए हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां निराधार हैं।

हिंदूवादी नेता राजकुमार ठाकरे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भारत रत्न देने की मांग उठाई। अंकुर अग्रवाल और सुधीर मल्होत्रा ने भी चुनाव आयोग को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था बताते हुए उसके समर्थन में आवाज उठाई।

इस दौरान अंकित जैन, देवेंद्र मोनू, रतन मेडिकल, अभिनव शर्मा, प्रभात कृष्णा, डॉ. अनुज, मोरमुकुट वार्ष्णेय, अमन कोरी, राजू चड्ढा, नीरज कश्यप, डेविड कश्यप, तुषार वार्ष्णेय, शोभित धवन, अंकित वार्ष्णेय, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल और विवेक चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वोट चोरी के विरोध में 10 अक्टूबर को धरना देगी भाकियू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** भारतीय किसान यूनियन ने 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित आंदोलन को समर्थन देते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से दिल्ली पहुंचने अथवा अपने-अपने जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। इसी क्रम में संभल जिले में बहजोई स्थित जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

आंदोलन में वोट चोरी और एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के वोट काटे जाने का मुद्दा उठाया जाएगा।

**शारदीय नवरात्र** पूजा सामग्री की दुकानों पर उमड़ने लगे ग्राहक, माता की आराधना की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु

# 11 अक्टूबर से शुरू होंगे शारदीय नवरात्र, बाजारों में बढ़ी रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** शारदीय नवरात्र को लेकर नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होने जा रहा है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई देने लगा है। नवरात्र से पहले ही बाजारों में पूजा-पाठ की सामग्री की दुकानें सज गई हैं। माता की पूजा के लिए जरूरी सामान खरीदने के लिए लोग बाजारों का रुख कर रहे हैं।

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। पर्व को लेकर घरों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालु पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, मौली, धूप, दीपक, अगरबत्ती, कपूर और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को भी नवरात्र के दौरान कारोबार बढ़ने की उम्मीद





है।नवरात्र के पहले दिन घरों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू होगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु व्रत रखकर माता रानी की पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिरों में भी नवरात्र की तैयारियां की जा रही हैं। जैसे-जैसे नवरात्र की शुरूआत नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों में चहल-पहल बढ़ रही है।

नवरात्र को लेकर बाजारों में बढ़ती रौनक से त्योहार का माहौल बनने लगा है। श्रद्धालु जहां पूजा की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं दुकानदार भी ग्राहकों के आने से उत्साहित नजर आ रहे हैं।

**सूचना**

मेरा पुत्र मौ0 नौशाद तथा पुत्रवधू सायमा गलत संगत में पड़ गए हैं मेरे व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं मेरा कहना नहीं मानते इस कारण मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद करके अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में किसी भी प्रकार की कृत्यों के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे अब मेरा व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी है ।

**किफायत उल्ला पुत्र हिदायत उल्ला**
**निवासी मौहल्ला झझरान सराय तरीन थाना हयात नगर सम्भल।**

**सूचना**

मेरा पुत्र संजय सैनी तथा पुत्रवधू जिया गलत संगत में पड़ गए हैं मेरे व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं मेरा कहना नहीं मानते इस कारण मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद करके अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में किसी भी प्रकार की कृत्यों के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे अब मेरा व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी है ।

**रामचंद्र पुत्र भूपाल सिंह**
**निवासी महमूदपुर इम्मा थाना रायसत्ती तहसील व जनपद संभल**

# विधि के विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता का ज्ञान जरूरी : डॉ.बिनोद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज, शिकारपुर में शुक्रवार को महाविद्यालय की आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का

**सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में कोड ऑफ कंडक्ट पर विशेष व्याख्यान, छात्रों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया**

शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान संस्थान के मुख्य अनुशासन अधिकारी एवं मुख्य वक्ता उत्तम वीर सिंह ने विधि के विद्यार्थियों को आचार संहिता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व की



जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता उत्तम वीर सिंह का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता का ज्ञान महज औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके भावी पेशेवर जीवन की नींव है। कानून के क्षेत्र में सफल होने के लिए कानूनी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता उत्तम वीर सिंह ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को आचार संहिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विधि के विद्यार्थी और अधिवक्ता के रूप में उनकी जिम्मेदारियां क्या हैं और न्यायालय परिसर, कक्षा तथा सामाजिक जीवन में आचार संहिता का पालन क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और नैतिकता व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ ही एक कुशल और कर्तव्यनिष्ठ अधिवक्ता बनने में भी सहायक हैं।

प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि आचार संहिता अनुशासन और नैतिकता के बीच सेतु का कार्य करती है। यह ज्ञान को चरित्र से जोड़ती है। विधि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कानून की किताबी जानकारी के साथ उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाना अनिवार्य है।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से संबंधित सवाल पूछे। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आचार संहिता का व्यावहारिक महत्व समझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 70वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज, बुलन्दशहर के क्रीड़ास्थल पर आयोजित 70वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2026 में जनपदभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान हासिल कर अपने-अपने

**विभिन्न स्पधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर खिलाड़ियों ने बढ़ाया विद्यालयों का गौरव**

विद्यालयों का गौरव बढ़ाया।

सीनियर बालक वर्ग (अंडर-19) की 1500 मीटर दौड़ में किसान इंटर कॉलेज, सरावां, शिकारपुर के हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में एल.डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, अनूपशहर के तरुण प्रथम रहे। लंबी कूद में एस.बी.पी. इंटर कॉलेज, बहलोलपुर, डिबाई के मनीष कुमार तथा 200 मीटर दौड़ में देवनगरी इंटर कॉलेज, गुलावठी के शिवम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

जूनियर बालक वर्ग (अंडर-17) की 1500 मीटर दौड़ में इंटर कॉलेज, जटपुरा, मुकीमपुर के हिमांशु ने बाजी मारी। गोला फेंक में बी.पी.ए.एस. इंटर कॉलेज, जहांगीराबाद के राज भाटी, लंबी कूद में सर्वोदय इंटर कॉलेज, सलेमपुर के केशवदेव तथा त्रिकूद में जनता इंटर कॉलेज, दानपुर के गगन कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर बालिका वर्ग (अंडर-17) की 3 किलोमीटर पैदल चाल में पलक, 400 मीटर दौड़ में प्राची तथा ऊंची कूद में झीलेश गौतम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर बालिका



वर्ग (अंडर-19) में तश्तरी फेंक में कीर्ति चौधरी तथा त्रिकूद में सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता हासिल की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गुल मोहम्मद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्षशीलता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत करने और खेल भावना के साथ आगे बढ़ते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद पाठक ने किया। उनके प्रभावी एवं सुव्यवस्थित संचालन से प्रतियोगिता का आयोजन गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सफलता के नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया।

# कांग्रेस नेताओं की नजरबंदी पर जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी, एसएसपी से तत्काल रोक लगाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं को विभिन्न स्थानों पर नजरबंद किए जाने और हिरासत में लिए जाने की शिकायतों पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज़ियाउर्रहमान ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को उनके गांव में नजरबंद किए जाने के बावजूद जियाउर्रहमान पुलिसकर्मियों के साथ ही एसएसपी से मिलने पहुंचे । उन्होंने एसएसपी



से मुलाकात कर कांग्रेस नेताओं की नजरबंदी पर तत्काल रोक लगाने तथा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित होने वाले पार्टी के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक कार्यक्रमों को बाधित न करने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व जब भी जनहित, संविधान की रक्षा, लोकतंत्र और जनसमस्याओं से जुड़े मुद्दों को लेकर किसी कार्यक्रम, धरना, प्रदर्शन या विरोध मार्च का आह्वान करता है, तो पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से उसमें भाग लेते हैं। ऐसे कार्यक्रम लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है।

उन्होंने कहा कि सीजेपी के दिल्ली कार्यक्रम से कांग्रेस का कोई संबंध नहीं है, इसके बावजूद जिले के नगरों, ब्लाकों में कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया जाना गंभीर चिंता का विषय है। किसी कार्यक्रम से संबंध न होने के बावजूद कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई किए जाने से अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। पुलिस प्रशासन को किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने से पहले तथ्यों और परिस्थितियों का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी कार्यक्रम के संबंध में कानून-व्यवस्था से जुड़ी कोई वास्तविक आवश्यकता है, तो पुलिस प्रशासन को संवैधानिक प्रावधानों और विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत कार्रवाई

**सीजेपी के दिल्ली कार्यक्रम से कांग्रेस का कोई संबंध नहीं, फिर भी कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : जियाउर्रहमान**

करनी चाहिए। केवल राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के आधार पर नेताओं एवं कार्यकताओं को नजरबंद करना या उनके शांतिपूर्ण कार्यक्रमों में बाधा उत्पन्न करना उचित नहीं है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की कि जनपद में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं को जगह-जगह नजरबंद किए जाने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, हिरासत में लिए गए नेताओं के मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि कांग्रेस के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक कार्यक्रमों में अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए।

जियाउर्रहमान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए सभी राजनीतिक दलों के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान सुनिश्चित करेगा।

एसएसपी से मिलने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, मनोज शर्मा एडवोकेट, भजनलाल बिमल, वीरेंद्र शर्मा एडवोकेट, नईम मंसूरी, जुनैद राणा एडवोकेट, ऋतिक जाटव आदि उपस्थित रहे ।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं, मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई। पुलिस ने हादसे के संबंध में जानकारी जुटाते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में एसडीएम प्रतीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन एसआईआर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एसडीएम प्रतीक्षा पाण्डेय ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत मतदाता सूची से दोहरे नाम हटाने और मृतक मतदाताओं के नाम काटने की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है बैठक के दौरान एसडीएम ने नए मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के वोट बनाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और





उनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है उनके नाम जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से भी अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर युवाओं को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे इसके साथ ही उन्होंने वोटिंग प्रक्रिया और नए वोट बनाने से जुड़ी कुछ बेहद महत्वपूर्ण बातें और तकनीकी दिशा-निर्देश भी साझा किए इस महत्वपूर्ण बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे जिनमें आसमौहम्मद गाजी, रामकिशन लोधी, और अरूण ठाकुर, सहित कई अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल थे सभी दलों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

# गांव में घर के अंदर लटका मिला महिला का शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र के गांव वैरी में बृहस्पतिवार शुक्रवार की रात एक महिला का शव घर के अंदर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गांव निवासी रामबाबू की 37 वर्षीय पत्नी मिथलेश के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची

**पिता ने तहरीर देकर लगाए हत्या से संबंधित आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच**

और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, मिथलेश का शव घर के अंदर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। सीओ और कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बताया गया कि मिथलेश की शादी करीब 17 वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता जोगिंदर निवासी दादरी ने कोतवाली शिकारपुर में तहरीर देकर मामले में हत्या से संबंधित आरोप लगाए हैं।



पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है।

# धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स में निःशुल्क मेडिकल कैंप, 300 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, यूनिट असमोली में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग, जनपद संभल के सहयोग से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का संयुक्त उद्घाटन धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष अभय सिंह

**सेवा संकल्प अभियान के तहत श्रमिकों और आमजन को मिला स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सकीय परामर्श का लाभ, आज भी जारी रहेगा शिविर**

यादव और सहायक श्रम आयुक्त संभल राम लखन पटेल ने किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। कैंप में लगभग 300 लोगों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।मेडिकल कैंप में आरआर हॉस्पिटल मुरादाबाद की ओर से डॉ. आशीष खरे, डॉ. बीके



कश्यप और डॉ. खुशनूद अली मौजूद रहे। वहीं, सेंटर फॉर साइट की ओर से डॉ. विजय यादव और डॉ. ललित मोहन ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की और जरूरत के अनुसार उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया।

शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों और हड्डियों की जांच की विशेष व्यवस्था की गई थी। इन सुविधाओं के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति जानने और संभावित समस्याओं के संबंध में चिकित्सकीय सलाह प्राप्त करने का अवसर मिला। निःशुल्क जांच की सुविधा मिलने से श्रमिकों और आमजन को लाभ हुआ।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग देना है।

# धनुष यज्ञ के बाद राधेश्याम परिवार ने निभाई राम विवाह की हल्दी रस्में, आज निकलेगी राम बारात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** नगर में परंपरागत रूप से आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को धनुष यज्ञ के बाद भगवान श्रीराम के विवाह की तैयारियों के क्रम में हल्दी रस्म का आयोजन किया गया। राधेश्याम वार्ष्णेय के परिवार ने श्रीरामचंद्र जी का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विवाह की पारंपरिक रस्में निभाईं।



इस अवसर पर अनिल गोस्वामी उर्फ बिट्टू जोगी ने तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडप में विवाह की विभिन्न रस्में निभाई गईं। राधेश्याम वार्ष्णेय के परिवार की ओर से कढ़ी, चंदिया, पूड़ी और कचौड़ी का प्रसाद तैयार कराया गया। इसके बाद राम बारात में शामिल होने वाले नगरवासियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा।

रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को नगर में भगवान श्रीराम की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। राम बारात को लेकर नगरवासियों और श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

**प्रशासन सतर्क** डीएम कुमार हर्ष ने अधिकारियों को दिए समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश, एसएसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

# त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को प्रशासन सतर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** आगामी नवरात्रि (दुर्गा पूजा), दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के पर्वों को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं जनपद के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। धार्मिक स्थलों, पूजा पंडालों, मेला स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन सहित आवश्यक नागरिक



सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव के साथ संपन्न हों।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश देते हैं। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने संभ्रांत नागरिकों से भी प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

**संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क एवं प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। प्रमुख धार्मिक स्थलों, पूजा पंडालों, बाजारों, मेला स्थलों तथा अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने को कहा गया। उन्होंने त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के भी निर्देश दिए। जुलूस एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान निर्धारित मार्ग, समय-सारिणी एवं नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

**भ्रामक सूचनाओं पर रखी जाए नजर**

एसएसपी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, भड़काऊ एवं असत्य सूचनाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना की पुष्टि किए बिना उसे आगे प्रसारित न किया जाए। अफवाह फैलाकर शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में स्वयं कार्रवाई करने के बजाय तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दी जाए।

# मनचला कर रहा था युवती का मानसिक व शारीरिक शोषण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक एक युवती को राह चलते परेशान करता आ रहा था। आरोप है कि युवती के घर में घुसकर युवती और उसके भाई के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मामला एन सी आर में दर्ज कर जांच शुरू की? है। नामजद आरोपी फरार है।

गांव मैथना जगतपुर निवासी एक युवती जो कि बुलंदशहर स्थित एक फाइनेंस गोल्ड लोन कंपनी में कार्यरत है ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि गांव का एक युवक बुलंदशहर आते जाते समय उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता है। साथ ही विडियो फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए शारीरिक और मानसिक शोषण करता आ रहा है। 3अक्टूबर की रात नौ बजे उसने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मा डंडों से उसके साथ और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। परिजनों को आते देख आरोपी युवक धमकी देते हुए भाग खड़ा हुआ।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** भाग-A: DLI डिवीज़न के ASE/TSS की बढ़ती लोड ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा OHE क्षमता को बढ़ाने हेतु फीडर वायर की व्यवस्था। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 19,23,84,093.30/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 38,47,700/- |
| 4 | **प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तारीख और समय :** 12.10.2026 (11.00 बजे) |
| 5 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 19.10.2026 (00.00 बजे) से 02.11.2026 (15.00 बजे तक) |
| 6 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 02.11.2026 (15.00 बजे) |
| 7 | **निविदा छपाई की लागत :** Capital (PH-36) |
| 8 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 31-क.वि.-नई दिल्ली-2026-27 दिनांक: 06.10.2026 3516/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शहीदों की स्मृति में होगा तर्पण कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



पिलखुवा। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने एक तर्पण शहीदों के नाम कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। कार्यक्रम संयोजक एवं परिषद के प्रदेश महामंत्री गौरव राघव ने कार्यकताओं के साथ आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की और अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं।

गौरव राघव ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना हम सभी का कर्तव्य है। उनके बलिदान को याद रखने और नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में आगामी शस्त्र पूजन कार्यक्रम की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही घर-घर कन्या पूजन और शस्त्र पूजन की योजना को आगे बढ़ाने के लिए संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष पवन तोमर, महामंत्री योगेंद्र सिंह, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला कार्याध्यक्ष नीरज ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष हिमांशु सैन, नगर मंत्री कृष्ण सैनी और ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित नगर टोली के सदस्य मौजूद रहे।

# पीएम पोषण योजना : परिषदीय विद्यालयों में हर शुक्रवार को मिलेगा सूजी का मीठा और नमकीन हलवा: बीएसए

बुलन्द संदेश ब्यूरो






हापुड़। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढने वाले बच्चों के लिए अच्छी खबर है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में पीएम पोषण योजना के तहत सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के रूप में बच्चों को सूजी से बना हलवा देने के निर्देश दिए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी ने बताया कि यह विशेष पोषण योजना नवंबर 2026 से शुरू होकर फरवरी 2027 के तीसरे सप्ताह तक करीब 14 सप्ताह तक संचालित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शासनादेश से प्राप्त आदेशों के अनुसार इस पौष्टिक हलवे का वितरण प्रत्येक शुक्रवार को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त किया जाएगा। यदि किसी शुक्रवार को विद्यालय में अवकाश होता है तो यह वितरण अगले कार्य दिवस में किया जाएगा। माह के प्रथम व तृतीय सप्ताह को मीठा हलवा तथा द्वितीय, चतुर्थ एवं पंचम सप्ताह में नमकीन हलवा वितरित किया जाएगा।

सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के अंतर्गत मीठा हलवा एवं नमकीन हलवा पकाने व छात्र को वितरित करने हेतु प्रति छात्र प्रति विद्यालय दिवस 2 रु.की दर से अतिरिक्त पारिश्रमिक विद्यालय में कार्यरत समस्त रसोइयों के मध्य परस्पर समान रूप से दे होगा। संबंधित धनराशि का ऑपरेशन रसोइयों की बैंक खाते में योजना अवधि के उपरांत लाभान्वित छात्र संख्या के आधार पर एक मस्त रूप से दिनांक 27 मार्च 2027 के पूर्व कर दिया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ विभागीय कार्यों एवं सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक कर,आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्य प्रणाली, पोषण

**डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ विभागीय कार्यों एवं सुरक्षा की समीक्षा की**

ट्रैकर फीडिंग,पुष्टाहार वितरण एवं केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये।



जिलाधिकारी कविता मीना ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है,फील्ड भ्रमण के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता एवं प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। गर्भवती महिलाओं,धात्री माताओं एवं कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कर पोषण ट्रैकर पर समय से फीडिंग सुनिश्चित की जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली एवं पुष्टाहार भंडारण की समुचित व्यवस्था दुरुस्त की जाए। पुष्टाहार वितरण में पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी नियमित रूप से केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां शासन की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं,उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्यवाही से मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन व चन्द्र शेखर मिश्र सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा की जा रही छापामार कार्यवाही के क्रम में टीम

- 12 हजार की कच्ची चाप कराई नष्ट,प्रतिष्ठान कराया बंद
- अधिकारियों ने मावा,पनीर,दूध व घी के भरे नमूने

ने शुक्रवार को ददायरा में छापामार कार्यवाही कर मौके से मावा,पनीर,दूध व घी के भरे नमूने भरकर जांच को भेजे गये।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को सचल दल में शामिल पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,विपिन कुमार सिंह, मोहित कुमार,सहरिश सादात खाद्य सुरक्षा ने रविन्द्रा डेयरी, ददायरा श्यामपुर रोड पर छापा मारकर 1 नमूना खोया,1 दूध,1 पनीर,1 घी कुल चार नमूने संग्रहित किये गये और कमियों के निराकरण हेतु सुधार सूचना जारी की जा रही है।



उन्होंने बताया कि टीम ने सूचना मिलने पर स्वर्ग आश्रम रोड स्थित प्रतिष्ठान मानसी एण्टरप्राइजेज पर छापा डालकर एक चाप का नमूना तथा तैयार कच्चा चाप लगभग 2 कुन्तल को नष्ट कराया गया। जो अनहाईजनिक दशा में बनाया जा रहा था। जिसकी कीमत लगभग रु 12000/- है। प्रतिष्ठान को बन्द करा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त समस्त नमूनों को जांच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही जनपद में अभियान निरन्तर चलता रहेगा।

# रामलीला मैदान में हुआ राम-सीता जन्म का मंचन, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा। श्री रामलीला कमेटी की ओर से शुक्रवार को नगर में धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई। शाम छह बजे लाला शंभू मल अघोरी वालों की धर्मशाला से शुरू हुई शोभायात्रा में राम, भरत, लक्ष्मण और

**पिलखुवा में धार्मिक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा नगर**

शत्रुघ्न के जन्म की झांकियां सजाई गईं। इसके अलावा राजा जनक द्वारा हल चलाने पर माता सीता के प्राकट्य, राजा दशरथ के महल में उत्सव और रावण दिग्विजय यात्रा के दृश्य भी प्रस्तुत किए गए।



शोभायात्रा रेलवे रोड से होते हुए मंडी, कारा कुलदीप पान और गांधी बाजार से गुजरी और रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रामलीला मैदान में वृंदावन से आए स्वामी बृज किशोर शर्मा की मंडली ने राम जन्म, सीता जन्म और रावण दिग्विजय प्रसंगों का मंचन किया। मेला अधिकारी अखिलेश मित्तल ने बताया कि आगामी मंचन में विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और मारीच वध की लीलाएं दिखाई जाएंगी।

# फोटो प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों को बताया वन्यजीवों का महत्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा। वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को रजनी विहार स्थित

**नवोदय युवा समिति की पहल, प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का दिया संदेश**

कोहिनूर पब्लिक स्कूल में फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। नवोदय युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी में वन्यजीवों के चित्रों के माध्यम से उनके महत्व और सुरक्षा की आवश्यकता को समझाया गया।





कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि वन्यजीव पर्यावरण को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इनके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं।

प्रदर्शनी में यशिका गुप्ता, मनसा सैफी, आशी प्रजापति, दीक्षा, कंचन राघव, चंचल, विवेक तोमर अर्ष चौधरी, मयंक प्रजापति, दिव्यांशु पाल और अंश वर्मा ने वन्यजीवों से संबंधित चित्रों का अवलोकन किया। समिति के संजय अग्रवाल और महेंद्र सिंह सैनी ने आयोजन में सहयोग के लिए प्रधानाचार्य सुमन ठाकुर और तुषार तोमर का आभार जताया।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों का दूसरे दिन भी सेवा बहिष्कार जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। विगत 15-18 वर्षों से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बनकर



निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों का अपनी दो सूत्रीय जायज मांगों नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन को लेकर आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। इन कर्मचारियों के हक की आवाज दबाने के लिए प्रशासन अब नोटिस और चेतावनियों का सहारा ले रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अधिकारियों द्वारा अनुपस्थिति दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनियों वाले पत्र जारी किए जा रहे हैं। हालांकि,कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि वर्षों के शोषण और अनदेखी के बाद अब वे किसी भी

**अब 12 अक्टूबर को लखनऊ में शंखनाद की तैयारी में जुटे**

प्रशासनिक दबाव या कार्रवाई से पीछे हटने वाले नहीं हैं।

धरने पर बैठे संघ पदाधिकारियों ने कहा कि अन्य राज्यों जैसे हरियाणा,राजस्थान और मध्य प्रदेश में संविदा कर्मियों को सामाजिक व सेवा सुरक्षा दी जा चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश में उनसे लगातार उपेक्षा की जा रही है।

कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि 10 अक्टूबर तक जनपद स्तर पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इसके बाद भी यदि सरकार ने उनकी सुध नहीं ली, तो 12 अक्टूबर को प्रदेश भर के लाखों संविदा कर्मचारी लखनऊ में विशाल आंदोलन कर हुंकार भरेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# सेवा संकल्प अभियान: जिले के प्रत्येक विकास खंड में जन चौपाल लगाकर सुनी,आमजन की समस्याए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। शुक्रवार को अभियान के तहत

**केंद्रीय विद्यालय छावनी में नशा मुक्त भारत की दिलाई शपथ**

जनपद के प्रत्येक विकास खंड में जन चौपाल के द्वारा आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थी परख योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायतो में निरंतर सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान में केंद्रीय विद्यालय छावनी में नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।




सेवा संकल्प अभियान दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिन अलग-अलग सेवा भावना से कार्य करते हुए अभियान को सफल किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर,दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। शुक्रवार को जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी कविता मीना ने मतदाता पेटियों,ईवीएम,वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति एवं कंट्रोल रूम का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये,कि निर्वाचन कार्यालय एवं स्ट्रांग रूम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे 24x7 क्रियाशील रहें तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। मतदाता पेटियों एवं चुनाव सामग्री का रख-रखाव निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से किया जाए,साथ ही सुरक्षा में तैनात कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।



# हैंडलूम नगरी में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़/पिलखुवा। शुक्रवार को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से पिलखुवा विकास क्षेत्र में 34000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारियों ने पिलखुवा विकास क्षेत्र में ग्राम खेड़ा में इस्लाम, उस्मान, मूलचन्द, विकास चौधरी द्वारा 19000 वर्ग मीटर, ग्राम खेड़ा में राजेन्द्र अग्रवाल,अमरीश त्यागी द्वारा 5000 वर्ग मीटर व ग्राम डूहरी में दिनेश यादव द्वारा 1000 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया गया। उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणो को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा गत अक्टूबर माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया जायेगा।



हड़कंप

## शिक्षा निदेशालय ने दिए ऑडिट के आदेश,मचा हड़कंप

# एसएसवी पीजी कालेज में दस वर्षों के वित्तीय रिकॉर्ड की होगी जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। दिल्ली रोड स्थित एसएसवी पीजी कालेज में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की शिकायत के बाद शासन के निर्देश पर शिक्षा निदेशक ने लेखा अभिलेखों के विशेष संपरीक्षण व ऑडिट के लिए टीम गठित की है। जिसमें कालेज के सत्र 2015-

**शिक्षक ने की थी वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत**

16 से 2025-26 तक के 10 साल का आडिट किया जायेगा। एसएसवी कॉलेज हापुड़ के वाणिज्य संकाय (स्ववित्तपोषित) के अस्टिटेंट प्रोफेसर डॉ अमित वर्मा ने आरोप लगाया था कि शासन के आदेश के अनुसार स्ववित्तपोषित कोर्स से प्राप्त आय का न्यूनतम 75 प्रतिशत हिस्सा शिक्षकों-कर्मचारियों के वेतन पर खर्च करना अनिवार्य है, लेकिन कालेज में इसका पालन नहीं हुआ और ना ही पृथक लेखा-जोखा और वार्षिक ऑडिट कराया गया।

उन्होंने बताया कि 2023-24 और 2024-25 की स्थानीय निधि लेखा परीक्षा में भी गंभीर आपत्तियां दर्ज हैं, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में स्थानीय निधि लेखा विभाग द्वारा आपत्ति लगाई गई थी कि कालेज द्वारा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण जांच पूरी नही हो सकी। स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में चार्टेड अकाउंटेंट से करायी गयी ऑडिट रिपोर्ट भी जाँच के दौरान प्रस्तुत नही की गई। जिसके बाद जनवरी 2026 में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ द्वारा एस0एस0वी0 कालेज हापुड़ का विशेष ऑडिट करने के निर्देश जारी किये गये।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उसे प्रताड़ित किया




गया शिक्षकों के बकाया वेतन के भुगतान से बचने के लिए अवैधानिक रूप से स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम बंद कर दिया गया और सभी शिक्षकों को तीन महीने का सेवा समाप्ति नोटिस भी दे दिया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर निदेशालय द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर वित्त नियंत्रक इलाहाबाद को एस0एस0वी0 कालेज का ऑडिट कराने के निर्देश जारी किये।

संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0) डॉ. शशि कपूर द्वारा जारी आदेश छह अक्टूबर में कहा गया कि वित्त नियंत्रक द्वारा कालेज में सत्र 2015-16 से 2025-26 तक के लेखा अभिलेखों के नियमित संपरीक्षण हेतु 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक संपरीक्षा दल का गठन किया गया है।

शिकायतकर्ता शिक्षक ने मांग की है कि विशेष ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर उत्तरदायी अधिकारियों व प्रबंधतंत्र के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हो और हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश 13.11.2025 के अनुपालन में उनका वेतन निर्धारण किया जाए।

# धान खरीद में अव्यवस्थाओं को लेकर किसान मजदूर संगठन ने मंडी प्रशासन को घेरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जनपद अलीगढ़ की धनीपुर मंडी एवं खैर मंडी में धान खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आज किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष बंटी जादौन के नेतृत्व में किसान मजदूर संगठन

**धनीपुर और खैर मंडी में सप्ताह में मात्र तीन दिन हो रही धानकी खरीद, किसानों को उचित मूल्य न मिलने से आक्रोश**

के पदाधिकारियों ने उप निदेशक मण्डी, मण्डी सचिव एवं तहसीलदार कोल से किसानों को मण्डी में हो रही परेशानी को बताया
राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि किसानों का आरोप है कि मंडियों में सप्ताह में मात्र तीन दिन ही धान की खरीद हो रही है, जिसके कारण उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, किसानों को धान का उचित मूल्य नहीं मिलने से उनकी आर्थिक नुकसान भी रहा है।
नुनेरा गांव के किसान महेश सिंह ने मंडी के अधिकारियों को बताया कि वह सोमवार की रात को धन लेकर मंडी आया गुरुवार उसके धान की बोली लगाई गई जो की 3800 में बिका 57 बैग की तुलाई के बाद शेष धान व्यापारी ने छोड़ दिया और उसे3000 प्रति कुंतल की रेट पर खरीदने की बात कर रहा है जबकि उसे पूरी ढेरी की तुलाई करानी चाहिए जोकि किसानों के साथ धोखाधड़ी है
तहसील अध्यक्ष देवराज सिंह ने कहा कि



किसानों की इन समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन ने मंडी प्रशासन के अधिकारियों को घेरकर अपनी नाराजगी जताई और धान खरीद व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। संगठन ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके अपनी फसल तैयार करता है, लेकिन मंडियों में खरीद की अनियमित व्यवस्था और उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
गवेंद्र ने मंडी प्रशासन से मांग की कि धान खरीद नियमित रूप से कराई जाए, किसानों की उपज की समय पर तौल सुनिश्चित हो तथा उन्हें नियमानुसार उचित मूल्य दिलाया जाए, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।
किसान मजदूर संगठन ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में धान खरीद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन किसानों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उपनिदेशक मण्डी ने संगठन को भरोसा दिलाया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी सप्ताह में जिले की सभी मंडियों को बुधवार को बन्द रखा जाएगा शेष 6 दिन मण्डी विधिवत खुलेगी एस पी ट्रैफिक महोदय से सहयोग लेकर ट्रैफिक से हो रही परेशान से निजात मिलेगी । मण्डी सचिव मुकेश त्रिपाठी ने कहा कि सभी किसान संगठनों एवं किसानों को भी मण्डी प्रशासन का सहयोग करना होगा किसानों के लिए रात 2बजे से दोपहर 11बजे तक मण्डी खुली रहेगी उससे पहले रोड पर जाम न लगाएं मण्डी में धान लाने से पहले अपने व्यापारी बात जरूर कर लें क्योंकि क्षमता से ज्यादा धान मण्डी में आने पर मण्डी को बन्द करना हमारी मजबूरी होती है
इस अवसर पर विकास राजपूत खेम सिंह ,संजय सिंह वेदप्रकाश हरिकेश चौहान किशन सिंह सोनू सिंह अनुज ठाकुर सलीम मलिक सलमान खान सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# जन कल्याण समिति ने जे.एन. मेडिकल कॉलेज में जरूरतमंदों को खाना वितरित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जन कल्याण समिति की ओर से जे.एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए खाना वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के सदस्यों ने अस्पताल परिसर में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को खाना वितरित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना समाज के प्रति हमारी और सभी सक्षम लोगों की जिम्मेदारी है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल में इलाज के



दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों को खाना उपलब्ध कराकर संस्था उन्हें राहत देने की कोशिश कर रही है। संस्था के सचिव मुजफ़्फर इकबाल ने आम जन मानस से अपील करते हुए कहा कि खाना वितरण के इस पुण्य के काम मे जो लोग हिस्सा लेना चाहें वो संस्था से जुड़कर या सम्पर्क कर-के सहयोग करें और संस्था भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस तरह के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। खाना प्राप्त करने वाले लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इमरान खान (अध्यक्ष), मुजफ़्फर इकबाल (सचिव), फरमान खान (उपसचिव), मोहम्मद रिजवान (कोषाध्यक्ष), बबलू राइन, नाजिम खान, सलमान कुरेशी, एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# वीएचपी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मी ने रोका बोला, राजा साहब यहीं आयेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हरिगढ़ महानगर द्वारा नवरात्रि के डांडिया-गरबा आयोजन में हिंदू आस्था का सम्मान एवं डांडिया कार्यक्रम की पवित्रता तथा बहन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चितता को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे पदाधिकारियों और कार्यकताओं को पुलिसकर्मी ने गेट बंद करके रोका। जिलाधिकारी कार्यालय का गेट बंद कर दिया और कहने लगा। राजा साहब यहीं आएंगे। पुलिस कर्मी ?और कार्यकताओं के बीच नोक झोंक हुई।

विहिप प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि गरबा और डांडिया केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है। यह नवरात्रि में मां शक्ति की आराधना और हमारी सनातन लोक-सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। ऋग्वेद के देवी सूक्त से लेकर देवी-माहात्म्य तक हमारी परंपरा में शक्ति-उपासना का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व में डांडिया/गरबा कार्यक्रम के आयोजन प्रायः अलीगढ़ के विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित



करवाए जाते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल हरिगढ़ महानगर द्वारा इन कार्यक्रमों में हिंदू आस्था, धार्मिक मयार्दा, प्रवेश-नियंत्रण, सुरक्षा-जाँच, माता-बहनों की सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु समान एवं अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था लागू किए जाने के संबंध में एसीएम द्वितीय को ज्ञापन दिया। आज चिंता इस बात की है कि मां की आराधना के नाम पर कहीं-कहीं फूहड़ता, अमर्यादित गीत और ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है जो इस पवित्र परंपरा की गरिमा के विपरीत है। समाज को इसे रोकना चाहिए। आगे रघुवंशी ने कहा कि हमारा स्पष्ट आग्रह है कि जिनकी मां भगवती में आस्था है, वे श्रद्धा और मयार्दा के साथ इन आयोजनों में आएं। इस अवसर पर महानगर मंत्री मयंक कुमार, विहिप प्रांत समरसता प्रमुख आलोक याज्ञनिक, महिला गौभक्त प्रमुख कृष्णा गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष गीता मित्तल, महानगर मंत्री मयंक कुमार,महानगर सह मंत्री राहुल वर्मा, महानगर मठ मंदिर प्रमुख मुकेश बिंदी, सह प्रमुख घनेंद्र गुप्ता, बजरंगदल महानगर संयोजक दीपक राजपूत, गौरक्षा प्रमुख करन चौधरी, महानगर सह धर्म प्रसार प्रमुख सोनू सविता,महानगर सहप्रचार प्रमुख योगेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गौसेवा कर महापौर एवं नगर आयुक्त ने लिया सेवा का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शासन के निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को



महापौर प्रशांत सिंघल एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने स्थानीय नागरिकों एवं पूर्व पार्षद संजय शर्मा के साथ आगरा रोड स्थित नगर निगम की कान्हा गौशाला पहुंचकर गोसेवा की। इस दौरान महापौर एवं नगर आयुक्त ने गोवंश को हरा चारा,गुड़ एवं फल खिलाकर उनके बेहतर देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की साथ ही नगर निगम की कान्हा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। महापौर एवं नगर आयुक्त ने कहा कि कान्हा गौशाला को केवल गोवंश के संरक्षण एवं देखभाल तक सीमित न रखते हुए इसे वैज्ञानिक प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर आधारित एक आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इस दिशा में गौशाला से प्रतिदिन निकलने वाले गोबर का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण कर उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गौशाला में संरक्षित लगभग 320 गोवंश से प्रतिदिन निकलने वाले गोबर का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए पशु कल्याण अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# भाकियू चौधरी चरण सिंह संगठन ने कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गोंडा रोड पींजरी पैंठ स्थित अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय पर बहुजन नायक मान्यवर काशीराम जी के



परिनिर्वाण दिवस पर मौजूद सभी ने उनके छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया नमन वहीं भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया शोषितों, वंचितों, दलितों और पिछड़ों को सत्ता की मुख्यधारा से जोड़कर सामाजिक न्याय की नई परिभाषा गढ़ने वाले महान बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी का संघर्ष, विचार और सामाजिक परिवर्तन का संकल्प सदैव देश का मार्गदर्शन करता रहेगा।उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया और बहुजन समाज को संगठित होकर सम्मान,समानता एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।
मान्यवर कांशीराम जी का जीवन सामाजिक समानता, संवैधानिक अधिकारों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा।

# एएमयू में 19 दिनों से चला आ रहा धरना समाप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शुक्रवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 19 वें दिन से चल रहा छात्र आंदोलन खत्म हो गया। छात्रसंघ बहाली, चुनाव कराने, निलंबित छात्र यासिर फहद की बहाली, प्रॉक्टर को हटाने और आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों की वापसी समेत प्रमुख मांगों पर विश्वविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर चल रही भूख हड़ताल के बीच यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रॉक्टर बदल दिया है। आंदोलन के 19वें दिन राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मो. नफीस अहमद अंसारी को नया प्रॉक्टर नियुक्त किया गया है। वह प्रो. मोहम्मद नवेद खान की जगह लेंगे।
छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है। कुलपति प्रो. नईमा खातून ने एएमयू एक्ट, 1920 की धारा 19(3) और विश्वविद्यालय के नियम-12 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कार्यकारी परिषद की ओर से प्रो. अंसारी की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति दो साल या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। वह



तत्काल प्रभाव से अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ प्रॉक्टर का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेंगे। प्रोफेसर मोहम्मद नफीस अहमद अंसारी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं। वह 1994 में लेक्चरर के रूप में एएमयू से जुड़े, 2003 में रीडर और 2009 में प्रोफेसर बने। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से परिसर में छात्रसंघ की बहाली को लेकर लंबे समय से जारी गतिरोध खत्म होने की उम्मीद है।

# राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्व विद्यालय, अलीगढ़ में विश्व निवेशक सप्ताह 2026 के अवसर पर स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश तथा विवेकपूर्ण वित्तीय निर्णयों के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अकीलुर रहमान ने निवेश संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए प्रतिभूति बाजार में निवेश से पूर्व विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करने, जोखिमों को समझने तथा सावधानी पूर्वक निवेश करने पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को जागरूक एवं जिम्मेदार निवेशक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण कुमार सिंह ने किया। आयोजन की संयोजक डॉ. वर्तिका वर्मा रहीं। इस अवसर पर शिक्षिका शिखा सिंह, भारती शर्मा सहित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निवेशक जागरूकता अभियान के अनुरूप वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

# मिशन स्टेज जीरो के अंतर्गत पुलिस लाइन में कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में "मिशन स्टेज जीरो-ओरल कैंसर के खिलाफ एक अभियान" के अंतर्गत कैंसर रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज, नई दिल्ली के सहयोग से किया गया शिविर में प्रोफेसर डॉ. पवन गुप्ता कैंसर सर्जन, एवं उनकी टीम द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों को मौखिक स्वास्थ्य, ओरल कैंसर की शुरूआती पहचान, तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा तंबाकू छोड़ने के संबंध में जागरूक कर चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 219 पुलिसकर्मियों एवं पुलिस




परिवारजनों ने प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम में विकास जैन (प्रेसिडेंट, लायंस क्लब अलीगढ़), प्रवीण अग्रवाल (चेयरमैन, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल), धर्मवीर सिंह लोधी एवं राजेश मित्तल (चेयरमैन, रसिक ग्रुप, तालानगरी) की सहभागिता रही। शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कैंसर के प्रति जागरूक करना, बीमारी की शुरूआती पहचान को प्रोत्साहित करना तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार के लिए प्रेरित करना रहा इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# अरविंद केजरीवाल का दावा, बीजेपी विरोधी मतदाताओं के डिलीट हो रहे वोट

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी और ज्ञानेश कुमार पर बड़े पैमाने पर वोट हटाने का आरोप लगाया है और नागरिकों से 10 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। राजधानी में सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। जो लोग बीजेपी को वोट नहीं देते, उनके वोट हटा दिए जाते हैं, जबकि फजी वोट जोड़ दिए जाते हैं। ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में यह सब खुलेआम हो रहा था।
उन्होंने देश भर की जनता से अपील करते हुए कहा कि पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। मैं देश के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पर इकट्ठा हों। यह किसी एक व्यक्ति या पार्टी का मामला नहीं है; यह देश का मामला है। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की और दूसरों से भी इसमें शामिल होने



का आग्रह करते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो रहा है। मैं जाऊंगा, मेरा पूरा परिवार जाएगा और मैं आप सभी से भी इसमें शामिल होने का आग्रह करता हूं।
यह विरोध प्रदर्शन का आह्वान दिल्ली पुलिस द्वारा कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार करने के बाद किया गया है। पुलिस ने इसके लिए कम समय की सूचना, प्रदर्शनकारियों द्वारा पहले नियमों का पालन न करने और कानून-व्यवस्था संबंधी चिंताओं का हवाला दिया है। वहीं दूसरी ओर, कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता अभिजीत दिपके ने पुलिस की मंजूरी न मिलने के बावजूद प्रदर्शन करने की अपनी योजना को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा और कार्यकर्ता गिरफ़्तारी का सामना करने के लिए भी तैयार हैं।
दिपके ने विरोध प्रदर्शन से पहले अधिकारियों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों पर सवाल उठाते हुए कहा, "यह कैसा डर है? आप इतने डरे हुए क्यों हैं? आप देश के युवाओं से डरते हैं। आप ट्रेनें बंद कर देते हैं, मेट्रो बंद कर देते हैं, तो आखिर कोई क्या करे?" उन्होंने आम जनता पर पड़ने वाले असर की आलोचना करते हुए कहा कि क्या दिल्ली नरेंद्र मोदी या अमित शाह की संपत्ति है? क्या यह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है? क्या यह उनकी पैतृक संपत्ति है? एक तरफ तो आप कहते हैं कि विरोध प्रदर्शन के कारण लोगों को परेशानी हो रही है, और दूसरी तरफ आप सारी मेट्रो और रेलवे बंद कर देते हैं, सारे रास्ते ब्लॉक कर देते हैं। तो क्या अब लोगों को परेशानी नहीं होगी?

# लखपति दीदी: केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम, महिलाएं हो रहीं सशक्त : योगेन्द्र कुमार, सीडीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं

**जिले में 72049 महिलाएं बनीं लखपति दीदी, 49193 को पोंटेशियल दीदी को किया जाना है चिन्हत**

अनुश्रवण समिति की बैठक आहुत की गई। सीडीओ ने कहा कि लखपति दीदी केवल एक योजना नहीं है यह केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम है जहां आधी आबादी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा है। सीडीओ ने बताया कि जिले में 16722 नए समूहों का गठन कर 3 लाख से अधिक महिला सदस्यों को जोड़ा जाना है।
सीडीओ ने निर्देशित किया कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पात्र ग्रहस्थी एवं अन्त्योदय कार्ड धारक महिलाओं, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के लाभार्थी परिवार, जी राम जी जॉब कार्डधारक परिवार, जीरो पॉवर्टी के तहत चिन्हित परिवार समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्राथमिकता से समूहों से जोड़ना सुनिश्चित करें।
बैठक का संचालन करते हुए उपायुक्त स्वतः रोजगार मंजू त्रिवेदी ने बताया कि माह जुलाई तक जिले में 3738 समहों का गठन कर उनमें 70 हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 2023-24 में प्रारम्भ योजना के अन्तर्गत 100414 पोटेंशियल दीदियों का चयन किया गया, जिनमें से अब तक 72049 महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यरत तीन एफपीओ में 2270 महिलाओं को जोड़ा गया है जबकि 483 विद्युत सखी एवं 409 बीसी सखी ऑनबोर्ड हो चुकी हैं। टेक होम राशन प्लांट से 100 दीदियों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएमएफएमई के



माध्यम से 37 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़ा गया है। जिले में 849 सामुदायिक शौचालयों सवं 44 उचित दर की दुकानों का संचालन समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही कलैक्ट्रेट, विकास भवन समेत 24 महिलाए विभिन्न सीसचसी, तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रेरणा कैंटीन का संचालन कर रही हैं।
सीडीओ ने राशन कार्डधारक महिलाओं को समहों से जोड़ने के लिए बीडीओ की अध्यक्षता में गठित विकास खण्ड स्तरीय समिति में कोटेदारों एवं समूह सखी की प्रभावी बैठक कराते हुए राशन वितरण के समय कैंप आयोजित कर अधिकाधिक महिलाओं को समूहों से जोड़ने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बताया कि जिले में समूहों से जुड़ी महिलाओं में से 60 प्रतिशत को पोटेंशियल दीदी के रूप में चिन्हित कर उनको लखपति बनाया जाना है। जिले में अब तक 100414 पोटेंशियल दीदियां चिन्हित हैं जबकि अभी 49193 को और चिन्हित किया जाना है। उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं में महिला लाभार्थियों की सूची एनआरएलएम को उपलब्ध करा दी जाए ताकि उन महिलाओं को समूहों से जोड़कर लखपति दीदी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके।

## संदेश — शिक्षा विभाग की पहल पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने की परिसर की सफाई, पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिखाई जिम्मेदारी

# सुभारती विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान, विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छ भारत, विकसित भारत का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के निर्देशों के तहत आयोजित इस पहल में शिक्षक प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
अभियान के दौरान शिक्षा विभाग के आसपास के क्षेत्रों, कक्षाओं के निकटवर्ती स्थानों, गलियारों और हरे-भरे आंगन की सफाई की गई। प्रतिभागियों ने परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के साथ हरित क्षेत्रों के संरक्षण का संदेश दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत बनाने, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की भावना पैदा करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि स्वच्छता की शुरूआत अपने आसपास के वातावरण से होनी चाहिए। कक्षा और परिसर के अन्य हिस्सों को साफ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी का कर्तव्य है। अभियान ने यह भी संदेश दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित प्रयास, व्यक्तिगत





अनुशासन और सामूहिक सहभागिता आवश्यक हैं। शिक्षा विभाग के कार्यवाहक डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को विद्यार्थियों के व्यवहार और दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के महत्व पर बल दिया। वहीं, सुभारती विश्वविद्यालय की पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश रुहेला और विश्वविद्यालय के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज श्री सागर ने अभियान के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) अनोज राज ने गतिविधि के समन्वयक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी और डॉ. रीबा देवी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्र समन्वयकों प्रिया, अर्पिता और प्रेरणा सिंह सहित अभियान में शामिल सभी विद्यार्थियों के योगदान की प्रशंसा की। फैकल्टी सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को प्रभावी बनाया। अभियान से परिसर के आसपास के क्षेत्रों और गलियारों की सफाई में सुधार के साथ विद्यार्थियों में व्यक्तिगत जिम्मेदारी तथा हरित क्षेत्रों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।
साथ ही, विद्यार्थियों को अपने घरों और समुदायों में भी स्वच्छता की आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा विभाग की यह पहल भविष्य के शिक्षकों को जिम्मेदार नागरिक और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ परिसर, हरित वातावरण और जिम्मेदार नागरिक ही सतत एवं विकसित भारत की मजबूत नींव हैं।

# आज होगा श्री बालाजी दरबार का सोलहवां वार्षिकोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर श्री बालाजी दरबार, अशोक नगर, अलीगढ़ का सोलहवां वार्षिकोत्सव शनिवार, 10 अक्टूबर




2026 को गूलर रोड स्थित मंत्रा हॉल में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी श्री बालाजी दरबार के महंत अशोक मामाजी ने पत्रकारों को दी। श्री बालाजी दरबार के भक्त रोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 10 बजे दरबार की स्थापना होगी। पुनीत अग्रवाल ने बताया कि सर्वमनोकामनार्थ एवं पितृ दोष निवारण के लिए प्रातः 10:30 बजे से कार्यक्रम होगा। मनीष गोयल ने बताया कि श्री बालाजी महाराज, श्री भैरों जी महाराज एवं श्री प्रेतराज सरकार को अर्जी दोपहर 2 बजे तक लगाई जाएगी। इस अवसर पर तरुण अग्रवाल, आशू अग्रवाल, आशीष गोयल, रोहित अग्रवाल, कैलाश गोयल, पुनीत अग्रवाल, अलोक झा, नीरज अग्रवाल, श्वेता गोयल, शिवानी गोयल, नेहा अग्रवाल, हिना वाष्णेय, हिना अग्रवाल, प्रज्ञा वार्ष्णेय, रूबी अग्रवाल, बबिता आदि मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार के लिए अमरोहा, बिजनौर को शासन ने 420 करोड़ रुपये जारी किए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मेरठ से हरिद्वार तक प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार की जमीन खरीद की प्रक्रिया को गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने 420 करोड़ रुपये जारी किए हैं। शासन ने अमरोहाऔर बिजनौर के जिलाधिकारियों को 210-210 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूमि क्रय के लिए जारी की गई है। अवस्थापना विकास अनुभाग की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक यूपीडा की मांग के आधार पर गंगा एक्सप्रेसवे के मेरठ-हरिद्वार विस्तार परियोजना के लिए भूमि क्रय मद में धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत अमरोहा और बिजनौर के जिलाधिकारियों के डिपॉजिट खातों में 210-210 करोड़ रुपये जमा किए जाएंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि दोनों जिलों को मिली रकम का आहरण डिपॉजिट खाते से केवल तत्काल आवश्यकता के अनुसार ही किया जाएगा। इसे यूपीडा के बैंक खाते या किसी अन्य बैंक खाते में रखने की अनुमति नहीं होगी। भूमि खरीद पर खर्च की गई धनराशि के सापेक्ष यूपीडा को जिलाधिकारियों से उपयोगिता प्रमाणपत्र हासिल कर शासन को उपलब्ध कराना होगा।




# विश्व शांति एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए टीम मुक्तिधाम पहुंची

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ से विश्व शांति एवं पर्यावरण जागृति का धार्मिक स्थलों पर संदेश देती हुई

**अमावस्या मेले में "आज पर्यावरण संरक्षण विश्व शांति के संदेश को" आगे बढ़ाने का लिया जाएगा संकल्प**

अधिवक्ताओं की टीम शुक्रवार को मुक्तिधाम पहुंची ' 5 अक्टूबर को शिष्टमंडल धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यात्रा पर रवाना हुआ था।
शिष्टमंडल द्वारा मथुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर, मेहंदीपुर बालाजी महाराज, खाटू श्याम जी, पुष्कर, सांवरिया सेठ, समेलिया जम्भो जी धाम , बेलोजी धाम रामरावास ,शहीदी स्थल खेजड़ी धाम, लोहावट जम्भो सरोवर, करणी माता मंदिर देशनोक लालासर धाम सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन किए और यहां पर लोगों को विश्व शांति व पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया विश्व को पर्यावरण से बचाने के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया । अधिवक्ताओं का शिष्ट मंडल शुक्रवार को मुकाम (राजस्थान )पहुँच गया है। बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने देर शाम "बुलंद संदेश "को बताया कि
शिष्टमंडल मुकाम स्थित गुरु जंभेश्वर भगवान के मुक्तिधाम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सहभागिता करेगा और 10अक्टूबर 2026 को अमावस्या मेले के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी यात्रा दल भाग लेगा तथा गुरु जंभेश्वर भगवान के पर्यावरण संरक्षण, जीव-दया और विश्व शांति के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा।
यात्रा में अधिवक्ता चंद्रपाल सिंह, अधिवक्ता विजयवीर सिंह, अधिवक्ता कमल सिंह, अधिवक्ता संजीव कुमार बिश्नोई, अधिवक्ता दीपक कुमार बिश्नोई, अधिवक्ता दीप सिंह बिश्नोई शामिल हैं।
यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, जीव-दया, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा गुरु जंभेश्वर भगवान के 29 सिद्धांतों के प्रति जनजागृति का संदेश प्रसारित करना ।






# दिनेश कुमार गोयल एमएलसी प्रत्याशी ने मुजफ्फरनगर में जनसम्पर्क कर वोट की अपील की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** दिनेश कुमार गोयल द्वारा मुजफ्फरनगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित एमएलसी स्नातक निर्वाचन की कामकाजी बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने की।इस अवसर पर पश्चिम क्षेत्रीय मंत्री वरुण गोयल , पार्टी पदाधिकारियों एवं चुनाव में जुटी पूरी टीम के साथ आगामी चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक कार्ययोजना और मतदाता संपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।
साथ ही मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अमरीश गोयल के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रसिद्ध व्यापारी कुश पुरी के आवास पर पहुंचकर आत्मीय शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं समसामयिक विषयों पर आत्मीय संवाद एवं सार्थक चर्चा हुई। दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि आपका स्नेह और आत्मीयता सदैव ऊर्जा प्रदान करता है।



# कविनगर रामलीला मे पहले ही दिन सम्पूर्ण रामलीला देखने उमड़ा जनसैलाब








**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी.) कविनगर मे आज विधिवत गणेश जी की आरती के साथ प्रतिदिन सम्पूर्ण रामलीला का मंचन राजीव राज गुप्ता के निर्देशन मे संस्कृति थियेटर ग्रुप नई दिल्ली के कलाकारो द्वारा शुरू हुआ।पहले ही दिन उपस्थित अपार जनसमूह का उत्साह देखने योग्य रहा। इस अवसर पर समिति के का.अध्यक्ष विपुल कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष गुलशन बजाज,कोषाध्यक्ष विवेक मित्तल,मंच संयोजक देवेन्द्र पाल कौशिक, आनंद गर्ग एवं नवेन्दु सक्सेना ने आज के अतिथि जिला सूचना अधिकारी वाई.पी.सिहं,दैनिक जागरण गाजियाबाद के ब्यूरो चीफ आदित्य त्रिपाठी एवं समिति के सह प्रयोजक शिविका चंदन तिलक के डायरेक्टर राकेश जिन्दल को अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।बाडे की सुचारु व्यवस्था मे ऋषि मांकड,सुनीत बेरी,मंयक बजाज,हर्षित अग्रवाल,मुकुंद आदि अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पेरेंट्स एसोसिएशन देश के पूर्व सैनिक को न्याय दिलाने हेतू समर्थन में आगे आया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें 9 महीने से न्याय के लिए भटक रहे पूर्व सैनिक खजान सिंह जो एक रिटायर्ड फौजी है और मातृभूमि कि रक्षा हेतु कारगिल युद्ध में भी दुश्मन का डटकर मुकाबला किया है।ऐसे जांबाज बहादुर सैनिक खजान सिंह के बेटे आयुष की हत्या के बाद वह अपने देश कि न्याय व्यवस्था के आगे नाकाम होते दिखाई देते हैं, पूर्व सैनिक खजान सिंह पुलिस प्रशासन से लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही। अपने देश की न्याय व्यवस्था कार्य प्रणाली से थक हारकर आखिर एक पूर्व सैनिक भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हुआ और पिछले 4 दिन से जिला मुख्यालय गाजियाबाद पर वह भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जहां सरकार जीरो टॉलरेंस के साथ लोगों को न्याय दिलाने में सफल साबित हुई है, वहीं प्रशासन के द्वारा सरकार की छवि खराब करने की उद्देश्य से पीड़ित फौजी की सुनवाई में टाल मटोल किया जा रहा है।
इसी क्रम में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन संगठन के सचिव अनिल सिंह की अगवाई में जीपीए पदाधिकारी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पीड़ित पूर्व सैनिक से धरना स्थल पर पहुंचकर मुलाकात की और फौजी के धरने को समर्थन किया।
जीपीए सचिव ने गाजियाबाद जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बताया कि गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन संगठन पीड़ित पूर्व सैनिक के साथ खड़ा है, जीपीए अध्यक्ष सतपाल चौधरी व सचिव अनिल सिंह ने मांग कि पीड़ित की शिकायत पर अतिशीघ्र कार्रवाई कर सीबीआई जांच की जाए, दोषियों की गिरफ्तारी की जाए अन्यथा प्रदेश का अभिभावक फौजी परिवार के साथ न्याय की इस लड़ाई में कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए मजबूर होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की होगी।
इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, साधना सिंह, एमपी सिंह, कौशलेंद्र सिंह, कौशल ठाकुर, संजय सिंह, ललित गुर्जर, वीर सिंह यादव, बिट्टू पाल, विनोद यादव, सचिन वर्मा, मोनू गौतम, सोनू ठाकुर,राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।





# रामलीला में अहिल्या उद्धार का मंचन देख मंत्र मुग्ध हुए श्रोताः भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही होगा विश्व का कल्याण : राजन बिश्नोई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** श्री रामलीला मंचन अस्थायी समिति के तत्वावधान में नगर में चल रही रामलीला में कलाकारों ने अहिल्या उद्धार, पंडालीला, जनकपुर भ्रमण और पुष्प वाटिका का मंचन किया। शानदार मंचन को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। वरिष्ठ भाजपा नेता राजन विश्नोई ने मुख्य अतिथि के रूप में मंचन का उद्घाटन किया' उन्होंने अपने संबोधन में भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया ' मंचन के दौरान राक्षसी ताड़का का वध करने के बाद श्रीराम और लक्ष्मण भ्रमण करते हुए अहिल्या के पास पहुंचते हैं और उनका उद्धार करते हैं। इसके बाद महामुनि विश्वामित्र के साथ दोनों जनकपुर पहुंचते और यहां भ्रमण करते हैं। पुष्प वाटिका में श्रीराम सीता के मन को भा जाते है। इस अवसर पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष धीरज कुमार बिश्नोई, निर्देशक सुधीर कुमार बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, प्रमोद बिश्नोई, कोषाध्यक्ष नवनीत पहलवान, इंद्रजीत सिंह बिश्नोई,सुशील नंबरदार, पिंटू बिश्नोई, प्रदीप बिश्नोई, सनी बिश्नोई, डॉ. जितेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, विजय चौहान आदि रहे।





# त्योहारों पर ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत, गाजियाबाद में 1000 जवान और 500 से अधिक वॉलंटियर संभालेंगे मोर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आगामी त्योहारों को देखते हुए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। त्योहारों के दौरान बाजारों और प्रमुख सड़कों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए करीब एक हजार ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और 500 से अधिक ट्रैफिक वॉलंटियर्स की मदद ली जाएगी। इनकी तैनाती प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में की जाएगी, ताकि यातायात सुचारु बना रहे और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।इसके साथ ही अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई कर यातायात बाधित होने से रोकने की तैयारी है। वरुण सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक, गाजियाबाद अब देखना होगा कि त्योहारों के दौरान ट्रैफिक पुलिस की यह व्यवस्था शहरवासियों को जाम से कितनी राहत दिला पाती है।



# "बुलन्द संदेश" एक्सक्लूसिवः आवाज से होगी अपराधियों की पहचानः यक्ष एप पर अपलोड होंगे वॉयस सैंपल' शिकायतकर्ता की आवाज अपलोड नहीं होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** साइबर अपराधियों के साथ जबरन वसूली, फिरौती के लिए अपहरण और अन्य जघन्य अपराधों में शामिल आरोपियों की आवाज अब पुलिस के यक्ष एप पर सुरक्षित होगी। एप में वॉयस रिकॉर्डिंग अपलोड करने की सुविधा शुरू कर दी गई है। भविष्य में इन रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल वॉयस सर्च, वॉयस मैचिंग और एआई आधारित विश्लेषण में किया जाएगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के मुताबिक साइबर थानों में साइबर अपराधियों के वॉयस सैंपल अपलोड किए जाएंगे। जिलों के थानों में साइबर अपराधियों के अलावा जबरन वसूली, फिरौती के लिए अपहरण और अन्य जघन्य अपराधों के आरोपियों की आवाज भी अपलोड की जाएगी। थाना प्रभारी को सीयूजी नंबर से डैशबोर्ड पर लॉगिन कर वॉयस रिकॉर्ड विकल्प चुनना होगा। इसमें वॉयस सर्च, ऐड साइबर ऑडियो, ऐड अदर क्राइम ऑडियो और व्यू ऑल रिकॉर्ड्स विकल्प होंगे। साइबर अपराधियों की रिकॉर्डिंग एफआईआर या एनसीआरपी नंबर के आधार पर अपलोड होगी। एफआईआर के मामले में नंबर, तारीख, जिला और थाना सही चुनना होगा। कम से कम 30 सेकंड की स्पष्ट रिकॉर्डिंग के साथ आवश्यक रिमार्क दर्ज कर उसे सेव किया जाएगा। अन्य अपराधों में संबंधित श्रेणी चुननी होगी। इनमें एफआईआर नंबर अनिवार्य नहीं होगा।आरोपी और शिकायतकर्ता की बातचीत की रिकॉर्डिंग में से केवल आरोपी की आवाज क्रॉप या एक्सट्रैक्ट कर कम से कम 30 सेकंड की क्लिप तैयार की जाएगी। शिकायतकर्ता की आवाज किसी भी स्थिति में अपलोड नहीं होगी। अधिकारियों के अनुसार इससे अपराधियों की पहचान, संदिग्ध आवाजों के विश्लेषण और अपराधों के अनावरण में मदद मिलेगी।

For UP Police
By the makers of Trinetra
यक्ष
YAKSH

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई से एमओयू : बेसिक शिक्षकों-कर्मचारियों को सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिलाने की प्रक्रिया तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सीएम योगी आदित्यनाथ की घोषणा और एसबीआई से एमओयू के क्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षकों-कर्मचारियों को सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिलाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बीएसए व वित्त एवं लेखाधिकारी को इसके लिए निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि जिन नियमित कार्मिकों-शिक्षकों के खोले गए खातों के सापेक्ष सामूहिक सावधि जीवन बीमा कवरेज उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना है। इसके तहत जिन स्थाई कार्मिकों द्वारा वेतन खाते से संबंधित लाभ प्राप्त करने के लिए स्टेट बैंक में वेतन खाता खोला गया है, उनकी कवरेज के लिए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद

### छोटी रामगंगा में डूबे युवक की शुक्रवार को भी तलाश जारी : पुलिस के उच्च अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छोटी राम गंगा में डूबे युवक का सुराग शुक्रवार की शाम तक भी नहीं मिल पाया अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ड्रोन से भी तलाश शुरू कराई है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत कांठ में रहने वाला समीर जो अपनी रिश्तेदारी में सहसपुर रह रहा था अपने साथी के साथ राजीपुर खादर गांव के निकट बह रही छोटी रामगंगा में मछली पकड़ने के लिए गया था लेकिन पानी में उतरने के बाद वह वापस नहीं आया उसके साथी ने सूचना घर पर दी तो परिजन मौके पर पहुंच गए सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की लेकिन देर रात तक भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। सुबह को जिला मुख्यालय से सरकारी गोताखोरों की टीम पहुंच गई और नदी में तलाश शुरू कर दी मगर युवक का पता फिर भी नहीं चल सका एसपी देहात कुमर आकाश और सीओ सुनीता दहिया भी घटनास्थल पर पहुंच गए और बाढ़ नियंत्रण की ड्रोन टीम को बुला लिया नदी में डूबे युवक की तलाश अब ड्रोन के माध्यम से भी की जाने लगी मगर खबर लिखे जाने तक युवक का पता नहीं लग पाया था और तलाश कर रही टीमें काम कर रही थी।






**शुभारंभ** 1.5 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की पहल

# हाई-टेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हरित प्रौद्योगिकी पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** हाई-टेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (हिट), गाजियाबाद में आज देमीस्टिफाईग एमेर्जिंग ट्रेंड्स इन ग्रीन टेक्नोलॉजी (ICDETGT-2026)" विषय पर द्वितीय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। 09 एवं 10 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य हरित प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत विकास से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए शोध, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।सम्मेलन के प्रथम दिवस का मुख्य आकर्षण संस्थान में 1.5 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की पहल रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. डी. एस. चौहान, पूर्व कुलपति, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU), उत्तर प्रदेश, के साथ श्री एम. के. सेठ, पूर्व महाप्रबंधक, अछळ; आनंद प्रकाश, चेयरमैन, हाई-टेक ग्रुप; सुनील सैगल, सलाहकार, हाई-टेक ग्रुप; अंकुर जैन, सह-संस्थापक, सनस्टोन; तथा लवीन गिडवानी उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथियों ने इस पर्यावरण-अनुकूल पहल की सराहना की।संस्थान द्वारा 1.5 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का उद्देश्य स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना, पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करना तथा कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण को कम करने के प्रयासों में योगदान देना है। यह पहल संस्थान की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। साथ ही, इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छ ऊर्जा के महत्व तथा सतत विकास के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिलेगा।

**उद्घाटन सत्र में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर**

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. डी. एस. चौहान, पूर्व कुलपति, अडळव, ने अपने संबोधन में विश्वभर में बढ़ते प्रदूषण और गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं पर बात की एम. के. सेठ, पूर्व महाप्रबंधक, ALT, ने अपने संबोधन में जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी दैनिक आदतें, उपभोग की प्रवृत्तियां और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पर्यावरण को सीधे प्रभावित करते हैं।
पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर, ऊर्जा की बचत करके और प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करके प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। अंकुर जैन, सह-संस्थापक, सनस्टोन, ने हरित प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार का उपयोग पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और युवा नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि तकनीकी विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

**600 शोध पत्र प्राप्त, लगभग 200 स्वीकृत**

\इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकताओं, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, सतत इंजीनियरिंग तथा पर्यावरण-अनुकूल तकनीकी समाधानों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिल रहा है।
सम्मेलन को शोधकर्ताओ की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। इसमें लगभग 600 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से जांच एवं समीक्षा हाई-टेक ग्रुप के चेयरमैन आनंद प्रकाश एवं सलाहकार सुनील सैगल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी से जुड़ी पहलों को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया।लवीन गिडवानी की उपस्थिति ने इस अवसर पर शिक्षा, उद्योग और तकनीकी नवाचार के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित किया ।






मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267